
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 11 जून 2026
वर्ष 07, अंक 245, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पुलिस के लगातार असहयोग के बाद आज लगभग 1:30 बजे माफियाओं से कब्जा मुक्त हुआ...03

लंबे समय से जियो सेवा बाधित, मॉडल विलेज कृष्णानगर के ग्रामीण परेशान...12

# यूपी पुलिस को हाई कोर्ट की फटकार... अवैध हिरासत में रखने पर सुनाया बड़ा फैसला

**● मुआवजे का आदेश**

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक युवक को अवैध हिरासत में रखने पर यूपी पुलिस को फटकार लगाई है**

**● एक मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस को पीड़ित शख्स को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है**

**● आरोप है कि युवक को कथित तौर पर सिर्फ एक घरेलू झगड़े के कारण 24 घंटे तक पुलिस हिरासत (लॉकअप) में गैर-कानूनी तरीके से रखा गया था.**



उत्तर प्रदेश पुलिस इन दिनों हाई कोर्ट के निशाने पर है. इलाहाबाद हाई कोर्ट लगातार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है. इस बार हाई कोर्ट ने एक युवक को अवैध रूप से हिरासत में रखने पर उसे मुआवजा दिए जाने का फैसला सुनाया है. इससे पहले हाई कोर्ट ने कहा था कि यूपी पुलिस संविधान नहीं, बल्कि सत्ता की वफादार है. यानी सत्ता के कहने पर पुलिस काम कर रही है.

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, यह सोचकर कि उनके गलत कामों पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा. उन्हें लगता है कि शायद ही हजारों में से ही कोई नागरिक अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा. इस कड़ी टिप्पणी के साथ जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच ने एक युवक को 25,000 रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का आदेश दिया है।

आरोप है कि युवक को कथित तौर पर सिर्फ एक घरेलू झगड़े के कारण 24 घंटे तक पुलिस हिरासत (लॉकअप) में गैर-कानूनी तरीके से रखा गया था. इस मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट डबल बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा इस तरह कि कार्यवाई निंदनीय है इसलिए पीड़ित मतंबर मिश्रा निवासी प्रयागराज को 25 हजार रुपये अंतरिम मुआवजा और 10 हजार रुपये केस खर्च देने का आदेश दिया है।

**क्या था पूरा मामला?**

याचिकाकर्ता के अनुसार 26 नवंबर 2022 को जब वह देर शाम खेत से घर लौटे थे कि तभी एक पुलिस चौकी के तत्कालीन प्रभारी सब इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश दुबे उसके के घर पहुंचे. इसके बाद बिना कारण बताए खींचकर थाने ले गए. आरोप है कि उन्हें 24 घंटे तक लॉकअप में रखा गया और रिहाई के बदले 20 हजार रुपये मांगे. पुलिस ने आरोप लगाया कि पूरी कार्रवाई याचिकार्ता के भाई की बहू की घरेलू हिंसा संबंधी शिकायत के आधार पर की गई थी. जबकि इस मामले में कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं था।

**कोर्ट ने सब इंस्पेक्टर को लगाई फटकार**

हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान सब इंस्पेक्टर ने कहा कि याचिकाकर्ता खुद की इच्छा से चौकी आए थे और परिवार के बीच हुए घरेलू विवाद से छुटकारा चाहते थे. हालांकि कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी कोई धर्म गुरु,पंच परमेश्वर या सामुदायिक नेता नहीं होता, जिसके पास लोग खुद की इच्छा से पारिवारिक विवाद सुलझाने थाने में जाएं. बाद में कोर्ट ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता के खिलाफ शुरु दंड प्रक्रिया संहिता के तहत दर्ज धाराएं अवैध हैं. इसका इस्तेमाल पुलिस ने अपने आर्थिक हित को साधने के लिए किया था जो पूरी तरह से निराधार और गैर-कानूनी है।

## गलत तरीके से दर्ज किया केस

बेंच ने आगे कहा कि एक पुलिस अधिकारी के तौर पर लोग उनसे डरते थे. गैर-कानूनी हिरासत को छिपाने के लिए पुलिस ने पीड़ित को गैर-कानूनी हिरासत से रिहा करने के दो दिन बाद उनके खिलाफ धारा 107 और 116 के तहत कार्रवाई शुरू की. बेंच ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई, क्योंकि उसने देखा कि ये कार्यवाई मुख्य रूप से पब्लिक प्लेस और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए होती है न कि घरेलू हिंसा के आरोप में किसी से अपनी निजी हित की भरपाई करने के लिए।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शन जारी, कई मौतों के बाद भी सड़कों पर डेढ़ लाख से ज्यादा लोग

**● पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (क्ष्छ्य) में सरकार विरोधी आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा. सूत्रों के मुताबिक, रावलाकोट, बाघ, हट्टियां बाला, कोटली, मीरपुर, सुधनोती, धीरकोट, डड्याल और मुजफ्फराबाद समेत कई इलाकों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं. इस आंदोलन में अब तक 1.5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं.**



पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) में सरकार विरोधी आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा. इस बीच, पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की फायरिंग में 11 नागरिकों की मौत के बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं. हजारों लोग लगातार रावलाकोट की ओर मार्च कर रहे हैं, जबकि पूरे क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन और ज्यादा फैल गया है. करीब डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर जमे हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, रावलाकोट, बाघ, हट्टियां बाला, कोटली, मीरपुर, सुधनोती, धीरकोट, डड्याल और मुजफ्फराबाद समेत कई इलाकों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं. इस आंदोलन में अब तक 1.5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं. प्रदर्शनकारी लकड़ी के डंडे और बैनर लेकर कश्मीर की आजादी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं. प्रदर्शन आयोजकों का कहना है कि आज रात तक क्ष्छ्य के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले बड़े काफिले रावलाकोट पहुंचेंगे. इसके बाद प्रदर्शनकारी मुजफ्फराबाद की ओर संयुक्त मार्च शुरू करने की योजना बना रहे हैं. प्रदर्शनकारी वहां पहुंचकर अपनी 38 मांगों को लागू करने का दबाव बनाएंगे।

**चार आंदोलनकारियों पर 1 करोड़ का इनाम**

इस आंदोलन में फायरिंग के दौरान घायल हुए 38 से ज्यादा लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है. हालात को नियंत्रित करने के बजाय पाकिस्तानी प्रशासन ने आंदोलन पर और सख्ती बढ़ा दी है. प्रशासन ने चार प्रमुख आंदोलनकारियों पर 1 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का इनाम घोषित किया है और उनके खिलाफ देशद्रोह के मामले दर्ज किए गए है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने आंदोलन के कई नेताओं को भारतीय एजेंट भी बताया है. पाकिस्तान में राजनीतिक विरोधियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और सेना की आलोचना करने वालों के खिलाफ इस तरह के आरोप पहले भी लगाए जाते रहे हैं. पूर्व प्रधानमंत्री और उनके समर्थकों पर भी पहले ऐसे आरोप लगाए जा चुके हैं।

**मुजफ्फराबाद को लेकर पाक सेना अलर्ट**

प्रदर्शनकारियों को मुजफ्फराबाद पहुंचने से रोकने के लिए प्रशासन ने कई प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया है. जगह-जगह पेड़ काटकर सड़कों पर डाल दिए गए हैं ताकि प्रदर्शनकारियों के काफिलों को रोका जा सके और उनकी रफ्तार धीमी की जा सके. मौतों, गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के बावजूद आंदोलन में लगातार बढ़ती भीड़ यह दिखा रही है कि क्षेत्र में पाकिस्तान सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ नाराजगी गहरी होती जा रही है।

**आने वाले कुछ दिन बेहद अहम**

यह आंदोलन अब केवल अधिकारों की मांग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि क्ष्छ्य में इस्लामाबाद के शासन और नियंत्रण के खिलाफ बड़े जनआंदोलन का रूप लेता दिख रहा है. आने वाले कुछ दिन बेहद अहम साबित हो सकते हैं. अगर हालात को बातचीत से संभालने की कोशिश नहीं की गई और बल प्रयोग जारी रहा, तो क्षेत्र में तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इग्नू में 36 विषयों में पीएचडी के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू, 1 जुलाई तक मौका



**लखनऊ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। अभ्यर्थी 36 विषयों में से किसी में भी प्रवेश के लिए https://ignou-phd.samarth.edu.in/ पर एक जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। नया सत्र जुलाई से शुरू हो रहा है। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि मनोविज्ञान, मानव-विज्ञान, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, जैव रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, भूविज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, गणित, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, ललित कला, रंगमंच, संगीत, नृत्य, समाजकार्य, प्रबंधन, वाणिज्य, पोषण विज्ञान, बाल विकास, गृह विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा, विकास अध्ययन, जेंडर और डेवलपमेंट अध्ययन, अनुवाद अध्ययन, फ्रेंच, अरबी, पत्रकारिता और जनसंचार कार्यक्रमों में अनुसंधान उपाधि के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी**

पीएचडी उपाधि को यूजीसी नियमावली-2022 के अनुरूप तैयार किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का 55 प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक पास होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने पूर्णकालिक एवं अंशकालिक दोनों ही श्रेणियों में पीएचडी का अवसर दिया है। जो अभ्यर्थी अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चार श्रेणियों में आवेदन किया जा सकता है। प्रथम श्रेणी में अभ्यर्थी को यूजीसी नेट के साथ जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस श्रेणी में प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से दिया जाएगा।

# फिर चर्चा में हरियाणवी डांसर सपना चौधरी, पति के खिलाफ पहुंचीं दिल्ली कोर्ट

**● सपना चौधरी ने पति वीर साहू के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया**

**कोर्ट ने पति को संपर्क करने और परेशान करने से रोका**

**अगली सुनवाई 25 जुलाई को, सपना मायके में रह रही हैं**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** हरियाणवी डांसर और गायिका सपना चौधरी की निजी जिंदगी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। सपना चौधरी ने अपने पति और हरियाणवी गायक वीर साहू के खिलाफ मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए दिल्ली की द्वारका महिला कोर्ट में याचिका दायर की है। मंगलवार को मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अदालत ने सपना चौधरी को अंतरिम राहत प्रदान की। कोर्ट ने वीर साहू को अगली सुनवाई तक सपना चौधरी से किसी भी प्रकार का संपर्क करने, उनके घर या कार्यस्थल पर जाने तथा उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से परेशान करने से रोक दिया है।

**हरियाणवी डांसर ने छोड़ा ससुराल**

अदालत में सपना चौधरी की ओर से वीडियो, ऑडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने मामले को सुनवाई योग्य मानते हुए अगली तारीख 25 जुलाई निर्धारित की है।

**सूत्रों के अनुसार,** वैवाहिक विवाद बढ़ने के बाद सपना चौधरी अपने ससुराल से अलग हो चुकी हैं। वर्तमान में वह द्वारका एक्सप्रेस-वे क्षेत्र स्थित अपने मायके में रह रही हैं।

**2020 में की थी लव मैरिज**

सपना चौधरी और वीर साहू का विवाह वर्ष 2020 में पंजाब में हुआ था। दोनों के दो बेटे हैं। सपना का पैतृक संबंध हरियाणा के हिसार जिले से है, जबकि वीर साहू भी हरियाणवी संगीत जगत का चर्चित नाम माने जाते हैं।

**25 जुलाई को अगली सुनवाई**

फिलहाल मामले में अदालत की ओर से अंतरिम संरक्षण आदेश जारी किया गया है। अब सभी की निगाहें 25 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां अदालत के समक्ष दोनों पक्षों की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर आगे विचार किया जाएगा। इस संबंध में सपना चौधरी से संपर्क करने की कोशिश की गई पर, उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया।

# गोगी गिरोह के बदमाशों की हत्या की साजिश रच रहे टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** रोहिणी कार्ट में गैंगवार में मारे गए कुख्यात गैंग्सटर जितेंद्र उर्फ गोगी गिरोह के बदमाशों की हत्या की साजिश रच रहे टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सुल्तानपुरी के जतिन और अलीपुर के विनय मान उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है।

विदेश में बैठे टिल्लू गिरोह के बदमाशों ने दोनों को गोगी गिरोह के बदमाशों की हत्या करने के निर्देश दिए थे। इनके कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, सात कारतूस और मोबाइल बरामद किया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में पता लगा रही है। स्पेशल सेल के डीसीपी नारा चैतन्य के मुताबिक, संगठित अपराध के खिलाफ लगातार कार्रवाई के तहत, स्पेशल सेल जबरन वसूली, टारगेटेड किलिंग और गैंगवार में शामिल आपराधिक गिरोहों पर कड़ी नजर रख रही है। इसी दौरान जानकारी मिली कि विदेश से निर्देश दे रहे टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के फरार बदमाशों ने अपने गुर्गो को विरोधी गोगी गिरोह के सक्रिय बदमाशों को निशाना बनाने का काम सौंपा था।

**गिरोह के सदस्य एक-दूसरे को निशाना बनाते रहे**

2014 से जितेंद्र मान उर्फ गोगी और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के बीच हिंसक दुश्मनी चल रही है। दोनों गिरोह के सरगनाओं की हत्या के बाद भी गिरोह के सदस्य एक-दूसरे को निशाना बनाते रहे। इसे देखते हुए टिल्लू गिरोह के सक्रिय सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया था। एक महीने की लगातार कोशिशों के बाद, टीम ने टिल्लू गिरोह के कुछ ऐसे सदस्यों की पहचान की जो हमले के लिए तय किए गए लक्ष्यों की रेकी कर रहे थे। इसके बाद आठ जून को टीम ने जतिन को एक पिस्टल और पांच कारतूस के साथ तब पकड़ा, जब वह गोगी गिरोह के एक सदस्य को निशाना बनाने जा रहा था। उसने बताया कि एक महीने से वह और उसके साथी विदेश में बैठे गिरोह के बदमाशों के कहने पर विरोधी गिरोह के सदस्यों को खत्म करने के मकसद से उनके



बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे और रेकी कर रहे थे। उससे पूछताछ के बाद हरिद्वार से विनय मान को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर एक रिवाल्वर और दो कारतूस बरामद किए गए।

**मुखबिर होने के शक में विनय मान के पिता की हुई थी हत्या**

पूछताछ में पता चला कि टिल्लू गिरोह का मुखबिर होने के शक में गोगी ने 2017 में देवेंद्र सिंह (विनय मान के पिता) की हत्या कर दी थी। उस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में ट्रायल कोर्ट ने उसे बरी कर दिया था। गोगी गिरोह से अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए विनय मान ने टिल्लू ताजपुरिया से दोस्ती की।

## कोर्ट ने 4 जुलाई को दिल्ली के पीडब्लू डी मंत्री प्रवेश वर्मा को किया तलब, AAP नेता के खिलाफ मानहानि केस में बदले जज

**» प्रवेश वर्मा को 4 जुलाई तक बयान दर्ज कराने का समय मिला**
**» सौरभ भारद्वाज ने मंत्री पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया था**
**» वर्मा ने आरोपों को झूठा और छवि खराब करने वाला बताया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने भाजपा नेता प्रवेश वर्मा को आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में बयान दर्ज कराने के लिए चार जुलाई तक का समय दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रवेश वर्मा को राहत देते हुए अगली तारीख चार जुलाई तय की। इससे पहले इस मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल कर रहे थे। जिन्होंने आठ जून को खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था। उनके द्वारा पहले प्रवेश वर्मा को नौ और 11 जून को बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था।





**सौरभ भारद्वाज ने लगाए कौन से आरोप?**

याचिका के अनुसार, 15 और 16 मई को इंटरनेट मीडिया में किए गए पोस्ट में सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया था कि प्रवेश वर्मा ने मंत्री पद का दुरुपयोग कर अपने एक सहयोगी को लगभग 500 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले निजी स्कूल ट्रस्ट में ट्रस्टी नियुक्त कराया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया था कि उन्होंने ऐसे कर्मचारियों के पक्ष में हस्तक्षेप किया जो पाक्सो मामले में आरोपित हैं। प्रवेश वर्मा का कहना है कि ये आरोप पूरी तरह झूठे, भ्रामक और उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए गए। उनका दावा है कि इंटरनेट मीडिया पर किए गए इन पोस्टों से उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है।

## करोड़ों की आम मंडी बनी शोपीस, हाईवे किनारे अस्थायी मंडी से बढ़ रही अव्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** विश्व प्रसिद्ध मलिहाबादी आम के सीजन में किसानों, व्यापारियों और खरीदारों की सुविधा के लिए करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित नवीन आम मंडी इस बार भी लगभग खाली पड़ी हुई है। दूसरी ओर, आम का अधिकांश कारोबार पहले की तरह मलिहाबाद चौराहे पर संचालित अस्थायी मंडी से हो रहा है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, किसानों और व्यापारियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा हाईवे पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से नई आम मंडी का निर्माण कराया गया था। मंडी में पर्याप्त स्थान, दुकानें और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद अधिकांश व्यापारी अब भी चौराहे के पास लगने वाली अस्थायी मंडी में कारोबार करना अधिक सुविधाजनक समझ रहे हैं।

अस्थायी मंडी के संचालन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारों पर ट्रकों और अन्य बड़े वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। आम की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए वाहन सड़क किनारे खड़े किए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आम सीजन अपने चरम पर पहुंचने के साथ ही यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि अस्थायी मंडी और नवीन मंडी के बीच की दूरी महज तीन से चार किलोमीटर है। इसके बावजूद करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई आधुनिक मंडी का अपेक्षित उपयोग नहीं हो पा रहा है। जबकि हाईवे किनारे अस्थायी रूप से मंडी संचालित होने से सुरक्षा और यातायात दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष भी मलिहाबाद चौराहे पर इसी तरह अस्थायी मंडी संचालित की गई थी। उस दौरान यातायात अव्यवस्था के साथ कई हादसे भी सामने आए थे। इसके बावजूद इस वर्ष भी स्थिति में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। हाईवे किनारे खड़े ट्रकों और अन्य वाहनों के कारण





दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। बताया जा रहा है कि नवीन मंडी में करीब 70 दुकानों का निर्माण किया गया है और अधिकांश दुकानों का आवंटन भी हो चुका है। इसके बावजूद मंडी पूरी तरह से संचालित नहीं हो पा रही है। इससे करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार की गई इस परियोजना की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं।

इस संबंध में मंडी सचिव का कहना है कि इस बार अधिक से अधिक दुकानों को नवीन मंडी में स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में अधिकांश दुकानें नई मंडी में संचालित होने लगेंगी। हालांकि फिलहाल नई मंडी में सन्नाटा और अस्थायी मंडी में बढ़ती चहल-पहल प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ तौर पर दिखा रही है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसानों, व्यापारियों और खरीदारों की सुविधा के लिए आधुनिक मंडी का निर्माण कराया गया है, तो उसका पूरा लाभ आखिर कब मिलेगा। फिलहाल करोड़ों रुपये की लागत से बनी नवीन आम मंडी अपने उद्देश्य की पूर्ति का इंतजार कर रही है, जबकि हाईवे किनारे संचालित अस्थायी मंडी यातायात और सुरक्षा के लिए चुनौती बनी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना अध्यक्ष द्वारा तीन दिन रेप पीड़िताको दौड़ा ने के बाद मुकदमा दर्ज करना पड़ा दलित लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त प्रेम कुमार सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह, निवासी ग्राम जगदीशपुर सेमरहिया, को बीती रात हरैया पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गोभिया तिराहा के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पीड़िता की मां श्रीमती शीला देवी पत्नी दीप नारायण, निवासी ग्राम जगदीशपुर सेमरहिया, थाना हरैया द्वारा अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए विगत 9 जून को पुलिस को तहरीर देकर यह अभियोग पंजीकृत कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जनपद न्यायालय भेजा गया है। अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक इंद्रेश यादव, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य तथा रि. कां. नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना अध्यक्ष द्वारा तीन दिन रेप पीड़िताको दौड़ा ने के बाद मुकदमा दर्ज करना पड़ा दलित लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त प्रेम कुमार सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह, निवासी ग्राम जगदीशपुर सेमरहिया, को बीती रात हरैया पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गोभिया तिराहा के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पीड़िता की मां श्रीमती शीला देवी पत्नी दीप नारायण, निवासी ग्राम जगदीशपुर सेमरहिया, थाना हरैया द्वारा अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए विगत 9 जून को पुलिस को तहरीर देकर यह अभियोग पंजीकृत कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जनपद न्यायालय भेजा गया है। अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक इंद्रेश यादव, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य तथा रि. कां. नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

### कमरौली पुलिस व स्वाट टीम को मिली बड़ी कामयाबी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उतेलवा बाईपास के पास स्थित अर्द्धनिर्मित रया एग्रो फैक्ट्री के अंदर कुछ अज्ञात व्यक्ति पेट्रोल व केमिकल कि मिश्रण कर रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना कमरौली पुलिस व व स्वाट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेरकर 04 अभियुक्तों 01. राहुल पुत्र नागेश्वर पासी निवासी सेक्टर 05 डी 118 यूपीएसआईडीसी कॉलोनी कठौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष 02. सत्येन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र छोटेलाल प्रजापति निवासी पूरे सुचित मजरे महोना पश्चिम थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी 03. आशीष सोनी पुत्र महावीर निवासी न्यू गडौरा मानसरोवर योजना ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड थाना सरोजनी नगर कमिश्नरेट लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष 04. जैफ खान पुत्र अरशीद अहमद निवासी कमरौली मकसूद कालोनी थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया व 01 नफर बालअपचारी को नियमानुसार निगरानी में लिया गया। मौके से 12 ड्रम केमिकल, 10 ड्रम पेट्रोल,02 छोटे टैंकर वाहन, 01 पंपिंग सेट व 02 प्लास्टिक की पाइप बरामद हुआ। बरामदशुदा माल व टैंकर वाहन के कागजात मांगने पर दिखा न सके पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का मुख्य लीडर कुलदीप शुक्ला है। हम सभी लोग मिलकर टैंकरो से पेट्रोल चोरी करके उसमे केमिकल मिला देते हैं तथा उस केमिकल युक्त मिश्रित पेट्रोल को फैक्ट्रियों में अच्छे दामों में बेंच लेते है, व प्राप्त रुपये आपस में बांट लेते हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, अवैध बालू खनन सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर निषाद पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

● थाना, चौकी पर पीड़ितों की नहीं सुन रहे हैं पुलिस कर्मी- दीपू निषाद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में बुधवार को निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक निषाद और प्रदेश महासचिव दीपू निषाद के नेतृत्व में 4 सूत्रीय मांगों को लेकर पदाधिकारी, कार्यकर्ता लालबहादुर शास्त्री चौक पर एकत्र हुये और प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि जनहित की समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराया जाय और जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर थाना, पुलिस चौकी पहुंचने वाले कार्यकर्ताओ के उत्पीड़न की जगह उनकी बातों को सुनकर समाधान कराया जाय। डीएम, एस.पी. को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कुछ समय से क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए चंदन निषाद हत्याकांड की प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष एवं गहन जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाय, दुबौलिया थाना क्षेत्र के बरदिया लोहार क्षेत्र में संचालित अवैध बालू खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इन अवैध बालू खादानों के कारण गांव कटान पर होने के कारण बाढ आने पर गांव कभी भी नदी की मुख्य धारा में समाहित हो सकता है, संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्रामवासियों को इस समस्या से राहत दिलाया जाय, निषाद पार्टी के प्रदेश महासचिव दीपू निषाद के नगर थाना पर पहुंचने के दौरान उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार तथा थाना प्रभारी नगर एवं चौकी इंचार्ज करहली द्वारा अभद्रता किए जाने की घटना के कारण शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है।ः संबंधित थाना प्रभारी एवं चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए, निषाद पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न सरकारी विभागों में उचित सम्मान नहीं दिया जाता तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण भी नहीं किया जाता है, ऐसी स्थिति में सभी विभागों को निर्देशित किया जाए कि जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक निषाद और प्रदेश महासचिव दीपू निषाद ने कहा कि पार्टी सरकार में शामिल है इसके बावजूद अधिकारी, थाना, पुलिस चौकी आदि मे निषाद पार्टी पदाधिकारियों की बात तक सुनने को तैयार नहीं हैं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मनीषा निषाद, धर्मराज निषाद, ज्ञान प्रकाश निषाद, अनिल कुमार निषाद, मिथलेश कुमार निषाद, जमुना निषाद, धनपत निषाद, अजय कुमार निषाद, प्रभात निषाद, अजय निषाद, रोहन निषाद, सी.पी. निषाद, लुदड़ी निषाद, राम सरन निषाद, राम सुमेर निषाद, राम प्रसाद निषाद, रामवंदन निषाद, बेचन निषाद, अर्जुन निषाद, मोनू निषाद, राम पराग, भीमसेन, रामजगत, फूलचन्द, राम अचल, विजय कुमार, इन्द्रावती निषाद, रोहिणी निषाद, हरि प्रसाद साहनी, सोहन लाल निषाद, वृजमोहन निषाद आदि शामिल रहे।

# दबंगों द्वारा गड्डे की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम से हुई शिकायत

● गड्डे की जमीन पर अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए उप जिलाधिकारी हरैया से हुई है शिकायत - शिकायत कर्ता

एसडीएम हरैया ने राजस्व निरीक्षक को गड्डे की जमीन को चिन्हांकन करने के लिए दिया निर्देश

गड्डे की जमीन का चिन्हांकन के बाद होगा अवैध अतिक्रमण मुक्त - एसडीएम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से लोग कब्जा कर रहे हैं राजस्व विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों से पैसा लेकर जमीन पर अवैध कब्जा करवा रहे हैं जिसकी शिकायत जिला अधिकारी को दिया गया और उक्त जमीन की चिन्ह्यांकन और फरमाइश करने का दिया निर्देश और अवैध कब्जा मुक्त कराया जाएगड्डे की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी हरैया से शिकायत हुई थी और गड्डे की जमीन का चिन्हांकन कर तत्काल अवैध अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आपको बता दें कि खजुरिया मिश्र तप्पा खुरियार के गाटा स0 178/0.0890 हे. गड्डे की जमीन है उक्त गड्डा की जमीन को गांव के कुछ दबंग लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है तथा उसमें अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है गाटे से सटा गाटा संख्या 177/0.0030 हेक्टर बंजर की जमीन है। इसी बंजर की जमीन के रास्ते से (बाहा) से होकर गांव की जल निकासी गाटा सं0 178/0.0890 हेक्टर से होकर जाता था अवैध कब्जा होने के कारण जल निवासी बाधित हो गया है यदि उक्त गड्डे की जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो जनहित की बहुत बड़ी क्षति होगी, इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय के अपील सं0 4787/2001 आदेश दिनांक 25/7/2009 हिमाचल तिवारी बनाम कम?ला देवी के मामले में और नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल हृत्ञ्ज आदेश के अनुसार राजस्व अभिलेख में जो जमीन तालाब पोखरा जल निकासी के रूप में दर्ज है उसका स्वरूप नहीं बदला जा सकता है। ऐसे माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा व्यवस्था दी गयी है। माननीय उच्चतम न्यायालय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए तत्काल हटवाया जाना आवश्यक व न्यायसंगत है। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम हरैया ने राजस्व निरीक्षक को चिन्हांकन कर तत्काल अवैध अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया है।

# दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, युवक की संदिग्ध मौत से गांव में मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कटईया गांव में एक 29 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनके सिर से पिता का साया उठ जाने से परिजनों के साथ-साथ ग्रामीण भी गमगीन हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटईया गांव निवासी विशाल पुत्र रामकिशुन मंगलवार को घर पर अकेले थे। उनके पिता मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि मां पशु चराने गई थीं। पत्नी प्रीति अपनी पुत्री श्रेया और पुत्र आयुष के साथ गांव में किसी कार्य से बाहर गई हुई थीं। बताया जाता है कि शाम करीब चार बजे जब प्रीति घर लौटीं तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आशंका होने पर उन्होंने शोर मचाया, जिस पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो विशाल अचेत अवस्था में मिले। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि युवक का शव कमरे में मिला है। मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक की पत्नी, माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है तथा लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

# महुआ डाबर महोत्सव में गूंजा शहीदों का स्मरण, मशाल यात्रा से क्रांतिवीरों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की अमर गाथा और गुमनाम शहीदों की स्मृति को समर्पित तीन दिवसीय 'महुआ डाबर महोत्सव-2026' के दूसरे दिन ऐतिहासिक क्रांति स्थल पर भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कई प्रेरणादायी आयोजन हुए। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्मित आधे घंटे की ऐतिहासिक एवं मार्मिक ऑडियो डॉक्यूमेंट्री 'महुआ डाबरः निशां अभी बाक़ी हैं' का श्रवण कराया गया। डॉक्यूमेंट्री सुनकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। इसमें 'गैर-चिरागी' महुआ डाबर के आम लोगों के अनुभवों के साथ महुआ डाबर का उत्खनन करने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार, महुआ डाबर संग्रहालय के निदेशक डॉ. शाह आलम राना तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन की पूर्व विशेष सचिव ईशा प्रिया के विचार शामिल हैं। 'महुआ डाबरः निशां अभी बाक़ी हैं' की स्क्रिप्ट एवं प्रस्तुति नवोदिता मिश्रा ने की है। वाचन स्वर रितु राजपूत तथा नाट्यांश स्वर मनोज मयंकर का है। गीत के रचयिता कर्नल तिलकराज और गायक डॉ. ग़ज़ल श्रीनिवास हैं। आकाशवाणी संवाददाता दीपांकर मिश्र, प्रस्तुति सहयोगी शिवाली एवं संयोजन राम अवतार बैरवा का रहा। कार्यक्रम के समापन पर महुआ डाबर के क्रांतिवीरों को मशालों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सैकड़ों युवाओं ने हाथों में जलती मशाल लेकर क्रांति स्थल की परिक्रमा की और शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर क्रांतिकारी वंशज डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि वर्ष 1857 में अंग्रेजों ने महुआ डाबर को 'गैर-चिरागी' घोषित कर यहां दीपक और चिराग जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। आज मशाल जलाकर यह संदेश दिया गया है कि शहीदों की स्मृति का चिराग 169 वर्ष बाद भी बुझा नहीं है। उन्होंने कहा कि मशाल क्रांति की वह ज्वाला है जो कभी बुझनी नहीं चाहिए। युवाओं को मशाल सौंपकर यह संकल्प दिलाया गया कि वे महुआ डाबर के गौरवशाली इतिहास को देश-दुनिया तक पहुंचाएंगे। आयोजकों ने बताया कि 10 जून को 'शौर्य दिवस' के अवसर पर सुबह शहीद स्थल पर सशस्त्र पुलिस गारद द्वारा सलामी दी जाएगी। इसके बाद 'विरासत संरक्षण संकल्प सभा' का आयोजन होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, इतिहास प्रेमियों, युवाओं एवं समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अतुल सिंह, नासिर खान, केपी राठौर, मोहम्मद कैफ, ऋतिक कुमार, सुनील पंडित, श्रवण कुमार, फ़कीर मोहम्मद, विनोद कुमार यादव, मुमताज़ खान, अनूप कुमार एडवोकेट, रमजान खान, धर्मेन्द्र, प्रणब मुखर्जी, आदिल खान, रामकेश गौतम, प्रभाकर चौधरी, नागेंद्र प्रताप आदि लोग मौजूद रहे.

# सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम तथा प्रवेश एवं निकास व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुरक्षित एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन की ओर से परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।

# वीएचएसएनडी सत्र का डीएम ने किया निरीक्षण, कुपोषण और टीकाकरण की प्रगति परखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** जनपद में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की पहल लगातार जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत कलवारी में प्रोजेक्ट संवर्धन के अंतर्गत आयोजित वीएचएसएनडी (विलेज हेल्थ सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे) सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन, बच्चों एवं माताओं के टीकाकरण, ड्यू लिस्ट, पोषण संबंधी गतिविधियों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के चिन्हांकन और उनके पोषण सुधार के लिए चलाए जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को आयरन की खुराक पिलाकर एनीमिया नियंत्रण और पोषण जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त जनपद बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा।

**नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन**

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम कलवारी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। आधुनिक एवं बालमैत्री सुविधाओं से युक्त इस केंद्र में बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए आकर्षक शैक्षिक पेंटिंग कराई गई हैं। केंद्र में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण के साथ बालमैत्री शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल शिक्षा और पोषण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। ऐसे आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं पोषण के नए मॉडल के रूप में विकसित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 19 नए आंगनबाड़ी केंद्र निर्माणाधीन हैं या पूर्णता की ओर हैं, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**कंपोजिट विद्यालय में डाइनिंग हाल का उद्घाटन**

ग्राम पंचायत कलवारी में ग्राम पंचायत की पहल पर निर्मित कंपोजिट विद्यालय के डाइनिंग हाल का भी जिलाधिकारी ने उद्घाटन किया। डाइनिंग हाल बनने से अब छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण में उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनसहभागिता से गांवों और विद्यालयों का समग्र विकास संभव है।

**बच्चों से किया संवाद**

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्टडी टेबल एवं शिक्षण सामग्री वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक सहित स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महराजगंज तराई पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 3,800 रुपये पीड़ित को मिले वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महराजगंज तराई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 3,800 रुपये वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस की संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार ग्राम छतुवापुर निवासी मोहम्मद अफजल के भाई सलाउद्दीन का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया गया था। हैकर ने सलाउद्दीन बनकर अफजल से 3,800 रुपये की मांग की, जिसे उन्होंने अपने भाई का समझकर भेज दिया। बाद में जानकारी होने पर पता चला कि व्हाट्सएप अकाउंट हैक किया गया था और उनके साथ साइबर ठगी हुई है। घटना के बाद पीड़ित ने 12 मई 2026 को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना महराजगंज तराई की साइबर हेल्पडेस्क ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर आरोपी के खाते में पहुंची धनराशि को होल्ड करा दिया। द्बआवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित बैंक को धनराशि वापस कराने के लिए एसओपी के अनुसार पत्राचार किया गया। बैंक द्वारा कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी 3,800 रुपये की रकम पीड़ित के खाते में वापस कर दी गई। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने महराजगंज तराई पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्रवाई में साइबर हेल्पडेस्क के उपनिरीक्षक आदित्य कुमार, आरक्षी धीरज तिवारी तथा आरक्षी अर्जुन प्रसाद वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## दहेज में कार न मिलने पर नवविवाहिता की हत्या का आरोप

### पति, देवर और सास समेत पांच पर लगाया हत्या का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव में सोमवार को हुई विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने दहेज में चारपहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। डलमऊ थाना क्षेत्र के पूरे तिलंगा मजरे जोहवा नटकी गांव निवासी रमेश कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रिया (23) की शादी 2 मार्च 2025 को खजूर गांव निवासी रामकृष्ण के साथ की थी। शादी में दो लाख रुपये नगद और गृहस्थी का सामान दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे चारपहिया वाहन की मांग को लेकर प्रिया का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते थे। रमेश कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की मौत के लिए पति रामकृष्ण, देवर, सास और उसकी ननदे जिम्मेदार हैं। पीड़ित पिता के अनुसार सोमवार शाम करीब 5:30 बजे उन्हें घटना की सूचना मिली। जब वह खजूरगांव पहुंचे तो प्रिया का शव घर के अंदर बेड पर पड़ा मिला। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का दावा है कि मौत कई घंटे पहले हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

## नाबालिक किशोरी को भगाने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध तक केस दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि तीन जून की दोपहर करीब 12 बजे फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज फुटहाबाद का रहने वाला संतोष उसकी बेटी को कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन की लेकिन बिटिया का कुछ पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

## यूपी में खेल परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता की हर माह होगी जांच

**लखनऊ।** प्रदेश में खेल विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं में देरी और गुणवत्ता से समझौता अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी खेल अवस्थापनाओं का निर्माण स्वीकृत लागत, निर्धारित मानकों और तय समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष से आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से कराई जाए। समिति हर माह निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट खेल निदेशालय को भेजेगी। यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मंडल और जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिन जिलों में खेल अवस्थापनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, वहां गुणवत्ता जांच के बाद नियमानुसार उनका हस्तांतरण कराया जाए, ताकि शीघ्र लोकार्पण की तिथि निर्धारित की जा सके। बैठक में खेल सचिव सुहास एलवाई ने सभी परियोजनाओं का विवरण सीएमआइएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने के भी निर्देश दिए।

# पुलिस के लगातार असहयोग के बाद आज लगभग 1:30 बजे माफियाओं से कब्जा मुक्त हुआ

### ● विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल, नरही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं उपभोक्ता डा.आर.पी. मिश्र एवं जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया की एडीएम (नगर पूर्वी) के दिनांक 8 जून 2026 को विद्यालय को तत्काल खाली कराए जाने के आदेश के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार असहयोग किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा पहले यह कहकर कब्जा नहीं दिलाया गया कि फोर्स के लिए निर्धारित शुल्क जमा किया जाना है जबकि उनसे कहा गया था कि लखनऊ इंटर कॉलेज के प्रकरण में एसीएम के आदेश के बाद वहां का ताला स्वयं पुलिस ने खुलवाया था और कोई शुल्क जमा नहीं किया गया था। आज उसी पुलिस ने कहा कि सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय से फोर्स के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह विलम्ब इसलिए किया गया था क्योंकि विपक्षी को माननीय उच्च न्यायालय जाने का मौका मिल जाए। विपक्षी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई किन्तु उनके पक्ष में कोई आदेश नहीं हुआ और आज का सुनवाई के लिए अगले सोमवार को लगा दी गई। ताला खुलवाने के लिए पहले पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन को प्रातः 10:00 बजे का समय दिया था इसी के चलते प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, विद्यालय की प्रबंधिका सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी/सदस्यगण तथा अभिभावक गण पहुंच गए थे किंतु टालते टालते लगभग 1:30 बजे पुलिस बल विद्यालय पहुंचा और उसके बाद ताला खुलवाकर कार्यवाही की गई। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र और जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने संपूर्ण प्रकरण में लखनऊ के मीडिया के सहयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी आवाज ने केंद्र सरकार तक को हिला दिया और इसीलिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश से विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल नरही के प्रकरण के संबंध में आख्या मांगी गई है।

## लखनऊ : पुलिस भर्ती एग्जाम के अंतिम दिन भीड़ बढ़ी तो रेलवे ने दौड़ाई स्पेशल ट्रेन, गोरखपुर के लिए भी चलाई दो रेल

**लखनऊ।** पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को परीक्षार्थियों की भीड़ एकाएक लखनऊ स्टेशन पर एकत्र हो गई। रेलवे ने परीक्षार्थियों के लिए झांसी रूट पर एक स्पेशल ट्रेन दौड़ा दी। वहीं, लखनऊ जंक्शन से गोरखपुर के लिए दो परीक्षा स्पेशल ट्रेनें रवाना की गई। पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा लखनऊ के 55 केंद्रों पर सोमवार से आरंभ हुई थी। प्रतिदिन दो पालियों में शामिल होने के लिए 1.35 लाख अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। परीक्षार्थियों के लिए आरपीएफ, जीआरपी के साथ जिला प्रशासन ने भी तैयारियां की थी। लखनऊ स्टेशन के बाहर परीक्षार्थियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया। यहां परीक्षार्थियों को रोकने के बाद प्लेटफार्मों पर उनकी ट्रेनों के समय के अनुसार भेजा गया। हालांकि इस बीच कई परीक्षार्थी पहले ही प्लेटफार्मों और पैदल पुल पर पहुंच गए। एसपी रेलवे रोहित मिश्र और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ल ने सुरक्षा बल के साथ स्थिति को नियंत्रित किया। भीड़ की जानकारी जुटाकर रेलवे ने शाम 5:45 बजे झांसी की ओर एक स्पेशल ट्रेन को रवाना किया।

# ग्राम रोजगार सेवकों की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को लखनऊ स्थित पुलिस महानिदेशक कार्यालय के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप त्रिवेदी ने की। बैठक में प्रदेश महासचिव राजवीर सिंह द्वारा संगठन की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सुझाव दिए।

प्रदेश प्रभारी आकाश त्रिपाठी ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून 2026 को जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा 1 जुलाई 2026 को मानदेय, आवास और अन्य लंबित मांगों को लेकर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तथा ग्राम रोजगार सेवकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से आदित्य सिंह चौहान, ललितेश शास्त्री, दीपक चौबे, रामलखन तिवारी, आर.के. यादव, रूपेश यादव, पंकज मिश्रा तथा इंद्र सिंह यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# सेमरी कताई मिल्स में आखिर मलबा बिक रहा है या मिट्टी स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल, जांच कराएं जाने कि मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद, सीतापुर** महमूदाबाद क्षेत्र स्थित सेमरी कताई मिल्स परिसर में कथित रूप से मलबे की आड़ में बड़े पैमाने पर मिट्टी की बिक्री किए जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से यहां मलबा हटाने के नाम पर मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मलबे की मात्रा बेहद कम दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि मिल परिसर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी बाहर भेजी जा रही है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सकती है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि सड़क किनारे खुलेआम मिट्टी से भरी जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण उड़ने वाली धूल से राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने के साथ-साथ सड़क पर दृश्यता प्रभावित होने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभागों को इस मामले का संज्ञान लेकर यह स्पष्ट करना चाहिए कि सेमरी कताई मिल्स परिसर से वास्तव में मलबे का निस्तारण किया जा रहा है या फिर मिट्टी की बिक्री की जा रही है। साथ ही, परिवहन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

फिलहाल, स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन पूरे प्रकरण की जांच कराए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# देर रात भटकी 13 वर्षीय बालिका को महमूदाबाद पुलिस ने परिजनों से मिलाया, पिता ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**महमूदाबाद, सीतापुर** उत्तर प्रदेश पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण थाना कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र में देखने को मिला, जहां पुलिस टीम ने देर रात भटकी हुई 13 वर्षीय बालिका को सकुशल खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर मानवता और सेवा का परिचय दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 09 जून 2026 को रात्रि लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बस अड्डा चौराहे पर एक नाबालिग बालिका अकेली घूम रही है और लोगों से सहायता मांग रही है, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिल पा रही थी।

सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक दीपक राठौर एवं महिला कांस्टेबल रचना तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बालिका को विश्वास में लेकर प्यार से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम रोशनी (13 वर्ष) पुत्री राम नरेश निवासी ग्राम कुस्मौरा, थाना रेउसा, जनपद सीतापुर बताया। घबराहट के कारण वह अपने परिजनों का मोबाइल नंबर बताने में असमर्थ थी।

बालिका की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे तत्काल थाना कोतवाली महमूदाबाद लाया गया। पुलिस टीम ने स्थानीय स्तर पर लगातार प्रयास और संपर्क साधकर आखिरकार उसके पिता राम नरेश से संपर्क स्थापित कर लिया। सूचना मिलने पर बालिका के पिता राम नरेश पुत्र भगौती तथा ग्राम प्रधान शिवेन्द्र राही पुत्र देवीदयाल निवासी ग्राम कुस्मौरा, थाना रेउसा थाने पहुंचे। उनकी उपस्थिति में बालिका रोशनी को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित वापस पाकर पिता की आंखें नम हो गई। उन्होंने तथा ग्राम प्रधान ने सीतापुर पुलिस की त्वरित, मानवीय एवं सराहनीय कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक दीपक राठौर एवं महिला कांस्टेबल रचना की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी तत्परता और संवेदनशीलता से एक परिवार को उसकी बिछड़ी हुई बेटी वापस मिल सकी।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सुप्रसिद्ध दानेश्वर धाम मे किया रुद्राभिषेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**महराजगंज/रायबरेली:** प्राचीन एवं पावन शिवधाम दानेश्वर धाम बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। भगवान भोलेनाथ के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 4399 दिन पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्र, प्रदेश और जनकल्याण की मंगलकामना के लिए विशेष रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने भगवान दानेश्वर महादेव का विधि-विधान से दुग्ध, जल, बेलपत्र एवं पवित्र सामग्री से अभिषेक कर देश की सुख-समृद्धि, अखंडता और नागरिकों के कल्याण की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के उद्घोष के साथ वातावरण को शिवमय बना दिया।

रुद्राभिषेक के दौरान वैदिक आचार्यों द्वारा रुद्र सूक्त एवं शिव स्तुतियों का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि, भगवान शिव का रुद्राभिषेक केवल व्यक्तिगत कल्याण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के मंगल की कामना का भी सर्वोत्तम आध्यात्मिक अनुष्ठान है। इसी भावना के साथ मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्रसेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने महारुद्राभिषेक के उपरांत जनसमूह को संबोधित कहा कि, भगवान भोलेनाथ समस्त सृष्टि के कल्याणकर्ता हैं। उनकी कृपा से ही राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहता है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है और आज का यह रुद्राभिषेक राष्ट्र की उन्नति, जनकल्याण तथा विश्व शांति की भावना से समर्पित है। उन्होंने प्रार्थना करी कि, महादेव की कृपा समस्त देशवासियों पर बनी रहे और भारत निरंतर वैभव के शिखर को स्पर्श करता रहे। उन्होंने कहा कि, भारतीय संस्कृति में राष्ट्र सेवा को ईश्वर सेवा के समान माना गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसेवा को अपना संकल्प बनाया है। उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए भगवान शिव से प्रार्थना करना करोड़ों देशवासियों की भावना का प्रतीक है। महादेव की कृपा से भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि, दानेश्वर धाम सदियों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है। इस पावन स्थल पर आयोजित रुद्राभिषेक में लोगों ने केवल प्रधानमंत्री की दीर्घायु ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की समृद्धि, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण की भी कामना की। भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद देश और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, जिला महामंत्री शरद सिंह, महराजगंज मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, बछरावां मंडल अध्यक्ष मान रावत, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'दद्दू', जुगन तिवारी, राजकुमार सिंह 'मोंगा', भोलू सिंह, शिवम तिवारी, उमेश कुमार 'कुन्नू', सूर्य प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र सिंह 'दाढ़ी', डॉ. माताफेर सिंह, वीरेंद्र सिंह, मोहित सिंह, पंकज श्रीवास्तव, शिवरामण सिंह, राघवेंद्र सिंह, विनीत वैश्य, नूरुल हसन, मनीष सिंह, धर्मेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लिया और शिवालय में गूंजते मंत्रों तथा घंटा-घड़ियाल की मधुर ध्वनि के बीच राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। दानेश्वर धाम का वातावरण देर तक भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत बना रहा।

# विशेष ग्राउंड रिपोर्ट- बाराबंकी के इचौलिया गाँव में 'जल जीवन मिशन' बना जन-आंदोलन, बदल गई 2100 से अधिक ग्रामीणों की तकदीर











स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराबंकी।** ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने और बुनियादी सुविधाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ शुरू हुआ 'जल जीवन मिशन' अब उत्तर प्रदेश के गाँवों में एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसका सबसे जीवंत और प्रेरणादायी उदाहरण जनपद बाराबंकी के विकास खंड मसौली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इचौलिया में देखने को मिल रहा है। कभी दूरस्थ और पिछड़ेपन की मार झेलने वाले इस क्षेत्र में आज पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है, जिसने यहाँ के सामाजिक और स्वास्थ्य परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है।

**लंबी कतारों और दूषित पानी से मिली मुक्ति**

कुछ समय पहले तक इचौलिया और उसके आस-पास के गाँवों में सुबह और शाम का वक्त सिर्फ पानी के इंतजाम में बीत जाता था। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। गर्मियों के दिनों में जब पारंपरिक जल स्रोत और तालाब सूख जाते थे, तो यह समस्या और भी विकराल हो जाती थी। इसके अलावा, जमीन से निकलने वाले आर्सेनिक और बालू युक्त पानी के कारण ग्रामीणों को पेट और त्वचा से जुड़ी तमाम तरह की बीमारियाँ झेलनी पड़ती थीं। जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) के लागू होने के बाद से यह पूरी जद्दोजहद अब इतिहास बन चुकी है। अब गाँव की महिलाओं को पानी के लिए घर से बाहर कदम नहीं रखना पड़ता।

**इचौलिया की आधुनिक जल संरचना: विकास का नया मॉडल**

विकास खंड मसौली की ग्राम पंचायत इचौलिया में इस योजना को सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर बेहद आधुनिक और तकनीकी रूप से सुदृढ़ तरीके से उतारा गया है। यहाँ स्थापित किया गया नया वाटर सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर किसी शहरी टाउनशिप से कम नहीं है। इस परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित अत्याधुनिक प्रणालियाँ तैयार की गई हैं:

उच्च क्षमता वाला ओवरहेड टैंक (शिरोपरि जलाशय): पूरे गाँव में समान दबाव (Water Pressure) के साथ पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक विशाल और ऊँचे शिरोपरि जलाशय का निर्माण किया गया है।

» गहरे बोर का नलकूप (ट्यूबवेल): भूजल के शुद्ध और सुरक्षित स्तर तक पहुँचने के लिए गहराई पर बोरिंग की गई है, जिससे स्वच्छ और बिना बालू वाला पानी मिलता है।

» स्वचालित पंप हाउस प्रणाली: पानी की री-फिलिंग और सप्लाई की पूरी प्रक्रिया को ऑटोमैटिक (स्वचालित) बनाया गया है, जिससे मानवीय गलतियों की गुंजाइश खत्म हो गई है।

» सोलर ऊर्जा आधारित संचालन प्रणाली: इस प्लांट की सबसे बड़ी खासियत इसका पर्यावरण-अनुकूल होना है। बिजली संकट से बेअसर, यह पूरी प्रणाली सौर ऊर्जा से संचालित होती है, जिससे बिजली बिल की बचत होती है और जलापूर्ति कभी बाधित नहीं होती।

» मजबूत बाउंड्रीवॉल और सुरक्षा प्रबंध: पूरे परिसर को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत सुरक्षा दीवार (बाउंड्रीवॉल) और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित रहे।

» व्यापक पाइपलाइन वितरण नेटवर्क: गाँव की हर गली और हर घर को कवर करते हुए एक मजबूत और टिकाऊ पाइपलाइन का जाल बिछाया गया है, जिससे अंतिम छोर पर बसे परिवार को भी पूरा पानी मिल सके।

**2172 लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव**

इस आधुनिक और सौर-ऊर्जा संचालित व्यवस्था के माध्यम से वर्तमान में इचौलिया गाँव के लगभग 2172 नागरिकों को रोजाना नियमित अंतराल पर स्वच्छ, सुरक्षित और क्लोरीनीकृत पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

**स्वास्थ्य और समृद्धि का नया सवेरा:** शुद्ध पानी मिलने से गाँव में जल जनित बीमारियों (Water-borne diseases) में भारी कमी दर्ज की गई है। स्थानीय पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) के आंकड़ों के मुताबिक, दूषित पानी से होने वाली बीमारियाँ अब न के बराबर रह गई हैं। साथ ही, पानी भरने में जो समय बर्बाद होता था, उसका उपयोग अब महिलाएँ स्वरोजगार और बच्चे पढ़ाई में कर रहे हैं। इचौलिया की यह सफलता कहानी अब मसौली ब्लॉक के अन्य पिछड़े गाँवों के लिए एक 'रोल मॉडल' बन गई है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं को सही तकनीक और स्थानीय जनभागीदारी के साथ लागू किया जाए, तो ग्रामीण भारत का कायाकल्प दूर की कौड़ी नहीं है।

# वृन्दा द डिटेक्टिव: सच्चाई की वो शेरनी, जो अंधेरे में भी रोशनी बनकर चमकती है!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कल्पना कीजिए... एक ऐसी दुनिया जहाँ सत्ता के गलियारों में भ्रष्टाचार की काली छाया फैली हुई है, पत्रकारों की आवाजें गोलियों से दबाई जा रही हैं, और न्याय की तलाश में एक अकेली महिला बिना डरे आगे बढ़ रही है। यही है डॉ. ज्ञानवती दीक्षित की रोमांचक कृति 'वृन्दा द डिटेक्टिव' - एक ऐसा जासूसी उपन्यास जो हिंदी श्चह्वद्मश्च द्वद्बह्लद्धश्ठु की परंपरा को नई ऊर्जा देता है।

**कहानी का जादू**

उपन्यास की शुरुआत ही दिल दहला देने वाली है। ईमानदार पत्रकार सुनील मजूमदार की निर्मम हत्या हो जाती है। वह अनाज घोटाले और सरकारी जमीन की अवैध प्लॉटिंग जैसे बड़े-बड़े घोटालों की पोल खोल रहा था। शक्तिशाली नेता, भ्रष्ट अफसर और पुलिस का गठजोड़ - सब एक साथ। लेकिन सुनील की मौत के बाद मैदान में उतरती है वृन्दा जोशी - 'द टाइम्स' अखबार की दबंग, खूबसूरत और बेहद स्मार्ट रिपोर्टर, जिसे लोग प्यार से 'वृन्दा द डिटेक्टिव' कहते हैं। वृन्दा कोई सुपरहीरो नहीं है। वह एक साधारण महिला है - जिसके पास तेज़ दिमाग, स्पाई कैमरा वाला पेन, इमरजेंसी पिस्तौल और सबसे बड़ी बात सत्य के प्रति अटूट विश्वास है। वह सुनील के परिवार से लेकर आलसी पुलिसवालों, ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, नीली सैंट्रो कार और स्थानीय गवाहों तक हर सुराग को खंगालती है। बीच-बीच में धमकियाँ आती हैं, लेकिन वृन्दा का जज्बा और तेज़ हो जाता है।

**लेखिका का नजरिया**

डॉ. ज्ञानवती दीक्षित ने इस उपन्यास की शुरुआत में खुलकर बताया है कि बचपन से उन्हें जासूसी कहानियाँ पढ़ने का शौक रहा है। देवकीनंदन खत्री, गुलशन नंदा, वेद प्रकाश शर्मा जैसी हस्तियों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने वृन्दा को गढ़ा है। यह उपन्यास सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ का आईना भी है। इसमें दिखाया गया है कि आजकल ईमानदार पत्रकारिता कितनी खतरनाक हो गई है। नेता-अफसर-पुलिस का त्रिकोण कैसे आम आदमी की आवाज को कुचल देता है। लेकिन साथ ही यह उम्मीद भी जगाता है - कि एक साहसी इंसान अकेला भी कितना बड़ा बदलाव ला सकता है।

**क्यों पढ़ें यह किताब?**

» रोमांचक प्लॉट: हर पृष्ठ पर नया ट्विस्ट, suspense और एक्शन।

» मजबूत नायिका: वृन्दा जोशी - आधुनिक, सशक्त और relatable।

» सरल भाषा: आसान हिंदी में लिखा गया, जो आम पाठक को भी आसानी से खींच ले।

» संदेश: सत्य और न्याय की लड़ाई कभी हार नहीं मानती।

» 'वृन्दा द डिटेक्टिव' न सिर्फ एक जासूसी उपन्यास है, बल्कि उन हजारों सुनील मजूमदारों को श्रद्धांजलि है जो सच्चाई की खातिर अपनी जान गँवा बैठते हैं।




अगर आप रोमांच, रहस्य, सामाजिक मुद्दों और एक द्बद्गड्डह्यद्दह्वह्य महिला नायक की कहानी पसंद करते हैं, तो यह किताब आपके लिए परफेक्ट है।

वृन्दा कहती है- 'सत्य और न्याय की लड़ाई में शहीद होने वालों को मातम नहीं, याद किया जाता है।' 'क्या आप तैयार हैं इस लड़ाई में वृन्दा के साथ कदम मिलाने को?

पढ़िए 'वृन्दा द डिटेक्टिव'- और खुद महसूस कीजिए कि साहस क्या होता है !लेखिका: डॉ. ज्ञानवती दीक्षित

कुल पृष्ठ: 160

शैली: रहस्य रोमांच + सामाजिक यथार्थ

# राष्ट्र के उत्सव में मोहन भागवत ने आत्ममंथन का दीप जलाया

**[विश्वगुरु की राह में सबसे बड़ा सवाल: क्या हम तैयार हैं?]**

**[उत्सव के उजाले में मोहन भागवत ने परछाइयों की ओर इशारा किया]**



राजनीति में ऐसे क्षण विरले आते हैं, जब कोई वाक्य भाषण की सीमा लांघकर राष्ट्रीय विमर्श का दर्पण बन जाता है। दावों की ऊंचाई और हकीकत की जमीन के बीच खड़े भारत को नागपुर से एक सीधा संदेश मिला। रेशिमबाग में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि 'हमारी तैयारी अभी अधूरी है, यही हमें विश्वगुरु बनने से रोक रहा है'। यह कथन इसलिए महत्वपूर्ण नहीं कि इसे संघ प्रमुख ने कहा, बल्कि इसलिए कि यह उस दौर में आया है जब उपलब्धियों का उत्सव अवसर आत्ममंथन की आवश्यकता को ढंक देता है। राष्ट्रों का उत्थान जयघोषों से नहीं, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की क्षमता से होता है। भागवत ने दरअसल उस असुविधाजनक प्रश्न को सामने रख दिया, जिससे बचने की आदत राजनीति को भी है और समाज को भी—क्या हम वास्तव में उतने तैयार हैं, जितना हमारा दावा है?

भारत आज केवल एक देश नहीं, बल्कि वैश्विक अपेक्षाओं का केंद्र बनता जा रहा है। पश्चिम आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, पश्चिम एशिया अस्थिरता की चपेट में है और वैश्विक व्यवस्था नए संतुलन की तलाश में भटक रही है। ऐसे दौर में भारत की सभ्यतागत चेतना, लोकतांत्रिक परंपरा और सांस्कृतिक विस्तार उसे अलग पहचान देते हैं। दुनिया भारतीय दृष्टि को सुनने को तैयार है, लेकिन वैश्विक मंच पर सम्मान केवल विचारों से नहीं, सामर्थ्य से मिलता है। इतिहास गवाह है कि नैतिक नेतृत्व उसी का स्वीकार किया जाता है, जिसके पास आर्थिक ताकत, तकनीकी श्रेष्ठता और मजबूत संस्थाएं हों। भागवत का संकेत स्पष्ट था—विश्वगुरु का स्थान घोषणा से नहीं, योग्यता और तैयारी से हासिल होता है।

भारत की उपलब्धियां जितनी बड़ी हैं, उतने ही बड़े उसके सामने खड़े कुछ अनुत्तरित प्रश्न भी हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर डिजिटल परिवर्तन, वैश्विक कूटनीति से लेकर आधारभूत विकास तक देश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसके बावजूद गुणवत्तापूर्ण रोजगार, उत्कृष्ट शिक्षा, शोध की संस्कृति, न्यायिक दक्षता और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्र अभी और सुदृढ़ीकरण की मांग करते हैं। किसी राष्ट्र की परिपक्वता केवल उसकी सफलताओं से नहीं, बल्कि अपनी कमियों को देखने की क्षमता से भी मापी जाती है। आत्मप्रशंसा प्रगति को धीमा करती है, जबकि आत्ममूल्यांकन उसे नई दिशा देता है।

हमारे सार्वजनिक जीवन की विडंबना यह है कि गंभीर विमर्श भी जल्द ही राजनीतिक संघर्ष का औजार बन जाता है। भागवत के वक्तव्य के साथ भी यही हुआ। विपक्ष ने इसे सत्ता पर परोक्ष प्रश्नचिह्न बताया, तो समर्थकों ने इसे विकास की गति बढ़ाने का संदेश माना। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, लेकिन इस शोर में मूल मुद्दा ओझल हो गया। विश्वगुरु बनने का लक्ष्य न किसी एक सरकार का एजेंडा है, न किसी दल की उपलब्धि। यह पीढ़ियों के पुरुषार्थ, मजबूत संस्थाओं और समाज की सामूहिक चेतना से साकार होने वाली लंबी राष्ट्रीय यात्रा है। इसे राजनीतिक लाभ-हानि की संकीर्ण कसौटी पर नहीं परखा जा सकता।

भारत की असली कमी पूंजी या प्रतिभा की नहीं, राष्ट्रीय दृष्टि और अनुशासन की है। देश के पास विशाल युवा आधार, बड़ा बाजार, कुशल मानव संसाधन और ऐतिहासिक अवसर मौजूद हैं। चुनौती इन्हें संगठित राष्ट्रीय शक्ति में बदलने की है। विश्वविद्यालयों को ज्ञान-सृजन का केंद्र बनना होगा, उद्योगों को नवाचार का, राजनीति को दीर्घदृष्टि का और समाज को सहअस्तित्व का। यदि सामाजिक ध्रुवीकरण गहराता रहा, शिक्षा औसत स्तर पर अटकी रही और शोध उधार के विचारों पर टिका रहा, तो केवल ऊंची विकास दर भी भारत को वह वैश्विक प्रतिष्ठा नहीं दिला सकेगी जिसकी कल्पना की जाती है। विश्वगुरु होने का अर्थ उपदेश देना नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्रीय आचरण गढ़ना है जिसे दुनिया उदाहरण मानकर अपनाना चाहे।

भागवत के वक्तव्य का सबसे महत्वपूर्ण संदेश आत्मसंतोष के खतरे को लेकर है। इतिहास बताता है कि सभ्यताओं को बाहरी चुनौतियों से अधिक नुकसान भीतर पनपी आत्ममुग्धता पहुंचाती है। जिस क्षण कोई समाज स्वयं को पूर्ण और निर्विवाद मान लेता है, उसी क्षण उसकी प्रगति की गति मंद पड़ने लगती है। भारत के लिए यह आत्मप्रशंसा नहीं, आत्मसंशोधन का समय है। यह मान लेना कि अभी कई मंजिलें बाकी हैं, कमजोरी नहीं बल्कि परिपक्वता का प्रमाण है। अपनी कमियों को पहचानने वाले राष्ट्र उन्हें दूर करने का मार्ग भी खोज लेते हैं, जबकि उन्हें नजरअंदाज करने वाले अंततः उन्हीं सीमाओं में घिर जाते हैं।

संघ प्रमुख के बयान का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इसमें उपलब्धियों पर प्रश्न नहीं, उन्हें टिकाऊ बनाने की चिंता दिखाई देती है। यह निराशा नहीं, दूरदृष्टि का स्वर है। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में प्रभावी नेतृत्व की आकांक्षा रखता है, तो उसे केवल आर्थिक शक्ति तक सीमित नहीं रहना होगा; ज्ञान, नवाचार और सामाजिक भरोसे में भी अग्रणी बनना पड़ेगा। विश्व नेतृत्व का आधार सामर्थ्य से बनता है, लेकिन उसकी स्वीकार्यता नैतिक विश्वसनीयता से तय होती है। भारत के पास दोनों हासिल करने की क्षमता है, शर्त केवल इतनी है कि वह दावों और धरातल के बीच मौजूद अंतर को ईमानदारी से पहचाने।

इतिहास हर राष्ट्र को अवसर देता है, लेकिन नेतृत्व का अधिकार वही राष्ट्र अर्जित करते हैं जो अपनी आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। भागवत का वक्तव्य इसी सत्य की याद दिलाता है।

भारत के पास गौरवशाली विरासत, व्यापक संभावनाएं और अपार शक्ति है। लेकिन इन्हें वैश्विक नेतृत्व में बदलने के लिए अभी लंबी तैयारी और निरंतर सुधार की आवश्यकता है। यह समय आत्मसंतोष का नहीं, आत्मनिर्माण का है। विश्वगुरु का स्थान नारों दावों या प्रतीकों से नहीं मिलता; उसे ज्ञान, सामर्थ्य, अनुशासन, नवाचार और उपलब्धियों की निरंतर साधना से अर्जित करना पड़ता है। भारत के सामने मंजिल स्पष्ट है, अब उसकी गति और तैयारी ही तय करेगी कि वह इतिहास में एक संभावना बनकर दर्ज होगा या एक उपलब्धि बनकर।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# टूटती तृणमूल कांग्रेस और ममता: संगठनात्मक कमजोरी और जनविश्वास का संकट

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**



पश्चिम बंगाल की राजनीति में तीन दशक से छाई तृणमूल कांग्रेस आज अंदरूनी दरारों और संगठनात्मक टूटन के दौर से गुजर रही है। 2011 में 34 साल पुराने वाम मोर्चे को उखाड़ फेंकने वाली पार्टी अब खुद अपने ही वजन तले डगमगा रही दिखती है। तृणमूल की सबसे बड़ी समस्या बन गई है नेताओं की लगातार नाराजगी और दल-बदल। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भी कई विधायक, सांसद और जिला स्तर के नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों में चले गए। शुभेंदु अधिकारी, मुकुल रॉय, राजीव बनर्जी जैसे कद्दावर नेताओं का जाना संगठन में भरोसे की कमी को दर्शाता है। नीचे के स्तर पर भी ब्लॉक और पंचायत स्तर पर गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है।

नियोग, कोयला, गोरू तस्करी और राशन घोटाले जैसे मामलों में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए। श्वष्ठ और ष्ट्वब्ढ्ढ की कार्रवाई ने संगठन की साख को नुकसान पहुंचाया। आम लोगों में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता के साथ भ्रष्टाचार भी जड़ें जमा चुका है। इससे जमीनी कार्यकर्ता हतोत्साहित हैं और मतदाता का एक हिस्सा विकल्प तलाश रहा है।

टीएमसी आज भी पूरी तरह ममता बनर्जी के व्यक्तित्व पर टिकी है। पार्टी का ढांचा संस्थागत कम, परिवार और करीबी नेताओं के इर्द-गिर्द ज्यादा केंद्रित है। अभिषेक बनर्जी के बढ़ते कद ने भी पुराने नेताओं में असहजता पैदा की है। जब कोई संगठन एक व्यक्ति पर निर्भर हो जाता है, तो उस व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य और राजनीतिक रणनीति ही पार्टी का भविष्य तय करने लगती है। फिलहाल ताजा खबर यह है कि टीएमसी एक और बड़ी टूट की कगार पर खड़ी है और यह निश्चित हो गया है कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब टीएमसी को उभरने का मौका शायद ही मिल सके। कल सोमवार को नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में ममता बनर्जी उपस्थित नज़र आईं तो वहीं दावा है कि उनकी पार्टी के 20 सांसदो ने बगावत कर दी है। सूचना है कि पार्टी के कई सांसद भाजपा नेताओं से मिलकर बगावत की रणनीति बना रहे थे। केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर सोमवार को ही टीएमसी के कई सांसदों ने मुलाकात के बाद अलग गुट बनाने का दावा किया है। पता चला है कि इस बैठक में टीएमसी के पांच सांसद मौजूद रहे। इनमें शर्मिला सरकार, प्रसून बनर्जी, जगदीश बसुनिया, कालिपद सोरेन व अनूप चक्रवर्ती शामिल हैं। टीएमसी के लोकसभा में 28 व राज्यसभा में 12 सांसद हैं। सूत्र बताते हैं कि बागी सांसदों ने रविवार को एक बैठक की थी, और उसी वक्त अलग गुट बनाने का ऐलान कर टीएमसी को झटका दिया जाने पर विचार हुआ है। जब विधायक दल में टूट हुई थी तो सांसदों के बग़ावत की चर्चाओं ने तूल पकड़ लिया था। ऐसा बताया जा रहा है कि बाग़ी सांसद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के भी संपर्क में हैं और बहुत ही जल्द एक नये गुट का ऐलान हो सकता है। टीएमसी की सांसद काकोली घोष ने दावा किया है कि बागी सांसदों ने एनडीए का समर्थन करने का फैसला किया है और लोकसभा स्पीकर को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। कोई भी पार्टी जब चुनाव हारती है तब उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है अपनी पार्टी को टूट से बचाने की क्यों कि हर कोई सत्ता के लड्डू खाना चाहता है, बेकार में विपक्ष में अब कोई बैठना नहीं चाहता है। इसके लिए केंद्र में कांग्रेस में टूट, दिल्ली में आप में टूट उत्तर प्रदेश में सपा में टूट और महाराष्ट्र का उदाहरण देखा जा सकता है। यही संकट अब इस समय टीएमसी के ऊपर मंडरा रहा है। अब देखना यह है कि ममता बनर्जी अपनी पार्टी को टूटने से कितना बचा पातीं हैं।

# स्वाधीनता संग्राम में अमर नाम है राम प्रसाद बिस्मिल का




भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वैचारिक चेतना और सशस्त्र क्रांति का एक ऐसा अनूठा संगम देखने को मिलता है जिसने दमनकारी ब्रिटिश सत्ता की नींव हिलाकर रख दी थी। इस अद्वितीय संगम के सबसे प्रखर प्रतीक पुरुष थे अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल। वे केवल एक निर्भीक सेनानी ही नहीं थे बल्कि एक संवेदनशील कवि, लेखक, अनुवादक और बहुभाषाविद भी थे। उनकी कलम से निकले शब्द जहाँ युवाओं के भीतर देशभक्ति की ज्वाला धधका देते थे, वहीं उनके हाथों में थमी पिस्तौल विदेशी शासकों के मन में भय का संचार करती थी। कलम और पिस्तौल का ऐसा अद्भुत संतुलन इतिहास में विरला ही देखने को मिलता है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति हंसते-हंसते दे दी और आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रवाद का एक ऐसा अनुपम आदर्श स्थापित किया जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

इस महान क्रांतिकारी का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर नामक नगर में हुआ था। उनके पिता मुरलीधर एक साधारण और स्वाभिमानी व्यक्ति थे जबकि उनकी माता मूलमती धार्मिक और दृढ़ संकल्प वाली महिला थीं। बिस्मिल के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता का प्रभाव सबसे गहरा था जिन्होंने उन्हें सदा सत्य और देशप्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बचपन में उनकी शिक्षा-दीक्षा स्थानीय स्तर पर हुई जहाँ उन्होंने हिंदी, उर्दू और संस्कृत भाषाओं का गहन अध्ययन किया। वे उर्दू में बिस्मिल उपनाम से कविताएँ लिखते थे जबकि हिंदी में राम और अज्ञात के नाम से उनकी रचनाएँ प्रकाशित होती थीं। किशोरावस्था में स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और आर्य समाज के सिद्धांतों ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी जिससे उनके भीतर अनुशासन और राष्ट्र सेवा का संकल्प और अधिक सुदृढ़ हो गया।

देश की पराधीनता और देशवासियों पर होने वाले अत्याचारों ने उन्हें सक्रिय क्रांति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए विवश कर दिया। वर्ष 1918 में उन्होंने मैनपुरी षड्यंत्र के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी जहाँ उन्होंने युवाओं का एक दल बनाकर देशभक्ति साहित्य का वितरण किया। इसके बाद वे स्वतंत्रता आंदोलन को एक अधिक संगठित और राष्ट्रव्यापी रूप देने के प्रयास में जुट गए। इसी उद्देश्य से उन्होंने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर हिंदुस्तान गणतंत्र संघ नामक एक शक्तिशाली क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। इस संगठन का मुख्य लक्ष्य भारत को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाना और एक लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना करना था। बिस्मिल इस संगठन के मुख्य रणनीतिकार और सेनापति थे। उनके नेतृत्व में चंद्रशेखर आज़ाद और अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ जैसे महान क्रांतिकारियों ने अपनी देशभक्ति का पाठ सीखा।

क्रांतिकारी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने और अस्त्र-शस्त्र खरीदने के लिए धन की अत्यधिक आवश्यकता थी। विदेशी सरकार से धन मांगना असंभव था और देश की गरीब जनता को लूटना क्रांतिकारियों के सिद्धांतों के विरुद्ध था। इसलिए बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की एक अत्यंत साहसिक योजना बनाई। 9 अगस्त 1925 को उनके कुशल नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने लखनऊ के समीप काकोरी नामक स्थान पर सहारनपुर से लखनऊ जा रही एक यात्री रेलगाड़ी को रोककर सरकारी खजाने को अपने नियंत्रण में ले लिया। इस ऐतिहासिक घटना को काकोरी कांड के नाम से जाना जाता है। इस घटना ने ब्रिटिश साम्राज्य को भीतर तक झकझोर दिया और सरकार ने क्रांतिकारियों को पकड़ने के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक दी। व्यापक धरपकड़ के बाद बिस्मिल सहित कई प्रमुख क्रांतिकारियों को बंदी बना लिया गया।

कारागार की चारदीवारों के भीतर भी बिस्मिल का हौसला तनिक भी कम नहीं हुआ। उन्होंने बंदीगृह को ही अपनी साधना स्थली बना लिया और वहाँ रहते हुए प्रचुर मात्रा में उत्कृष्ट साहित्य की रचना की। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध आत्मकथा वहीं लिखी जो आज भी भारतीय क्रांतिकारी साहित्य का एक अनमोल रत्न मानी जाती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई विदेशी क्रांतिकारी ग्रंथों का हिंदी में अनुवाद किया और अनेक प्रेरणादायक गीतों की रचना की। कारागार में रहते हुए उन्होंने अपने देशवासियों और विशेष रूप से युवाओं के नाम कई संदेश भेजे जिसमें उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने पर बल दिया। उनके विचार अत्यंत दूरदर्शी थे जो केवल अंग्रेजों को भगाने तक सीमित नहीं थे बल्कि वे एक शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे।

ब्रिटिश अदालत ने काकोरी घटना का मुख्य सूत्रधार मानते हुए राम प्रसाद बिस्मिल को मृत्युदंड की सजा सुनाई। 19 दिसंबर 1927 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर कारागार में उन्हें फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। फांसी के चबूतरे की ओर बढ़ते हुए उनके चेहरे पर कोई भय नहीं था बल्कि एक अलौकिक तेज था। उन्होंने हंसते हुए फंदे को चूमा और अपनी मातृभूमि की वंदना करते हुए प्राण त्याग दिए। उनकी अंतिम इच्छा यही थी कि वे बार-बार भारत भूमि पर जन्म लें और तब तक देश की सेवा करते रहें जब तक कि वह पूरी तरह से स्वतंत्र न हो जाए। उनका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं गया और इसने पूरे देश में क्रांति की एक ऐसी लहर पैदा कर दी जिसने अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत को औपनिवेशिक दासता से मुक्ति दिलाई।

राम प्रसाद बिस्मिल का जीवन और उनका कृतित्व इस बात का साक्षात प्रमाण है कि एक सच्चा देशभक्त केवल अस्त्रों से ही नहीं बल्कि अपने विचारों और नैतिक मूल्यों से भी लड़ता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। आज भले ही वे हमारे बीच भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हैं लेकिन उनकी कविताएँ, उनके विचार और उनका अदम्य साहस हर भारतीय के हृदय में सदैव जीवित रहेगा। राष्ट्र निर्माण और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए उनका जीवन सदैव एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ की भांति हमें प्रेरणा देता रहेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# महानता के शिखर पर आरोहण

> समस्याएं हर व्यक्ति के जीवन में आती है किंतु महान वही होता है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने मन को कमजोर नहीं करता। वह जो समता में उपस्थित होता हैं उसके संकल्प- विकल्प और दुःख का नाश हो जाता हैं। सदियों पहले भगवान् महावीर जन्मे थें। वे जन्म से महावीर नही थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुखःसे सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे वे हमारे लिए आदर्श की ऊंची मीनार बन गए। उन्होंने समझ दी की महानता कभी भौतिक पदार्थो,सुख-सुविधाओं,संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नही प्राप्त की जा सकती हैं। उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता हैं, नैतिकता के पथ पर चलना होता हैं और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती हैं। श्रेष्ठता का आधार कोई ऊंचे आसन पर बैठना नही होता हैं। श्रेष्ठता का आधार हमारी ऊंची सोच पर निर्भर करता है। हम कितनी ही आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर ले किंतु जब तक सोच ऊंची एवं व्यावहारिक अनुभव अद्धभूत नही रहेगा हम में कोई ना कोई कमी रहती रहेगी। यह बात सुनी हुई हैं पर आज भी आचरण करने योग्य हैं। स्वर्ग पाना है या सच्चा सुख अपनी सोच को शिखर तक ले जाओ की उसके आगे सितारे भी झुक जाए । वह अपने सफ़र को किसी कश्ती का मोहताज न बनाओ । इस शान से चलों की तूफ़ान भी झुक जाए। वह फिर देखो कमाल इसलिए सोच ऊंची रखे। जीवन का सबसे बडा गुरु वक्त होता है क्योंकि जो वक्त सिखाता है वो कोई नहीं सीखा सकता ।धन-वैभव आदि जीवन में कभी आदर सम्मान का मापदण्ड नहीं होता है। प्रतिष्ठा का मापदण्ड गुण सम्पदा की सम्पन्नता है। यथा मधुर व्यवहार, शालीन आचार, अनुशासनप्रियता, सेवा-भावना, मिलनसारिता , सादगीपूर्ण अहं रहित जीवन, आध्यात्मिक स्वाध्याय प्रियता, व्यवहारकुशलता आदि-आदि ही तो उच्चता की गुणवत्ता हैं। केवल रुपयों-पैसों व धन-वैभव की सम्पन्नता में तो अहं का बहुत बड़ा दोष देखा जाता है जो मन में बात-बात में रोष ला देता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी सबकी दृष्टि में आदरास्पद नहीं हो सकता। वह चाहे कितना ही वैभव संपन्न हो। इस दृष्टि से वह सदा विपन्न ही रहेगा। हमें दुःखों का नाश करना है तो समता का आश्रय लेना पड़ेगा। समता का आश्रय लेने का मतलब हैं अनुकूलता के प्रसंग में खुशी न मनाना और प्रतिकूलता के प्रसंग में दुःखी न बनना। महानता की निशानी सहजता में है। हमने ही अपने जीवन को कठिनता में धकेल दिया है। हमने अपना ध्येय जहाँ यह पाना वह बनना बना लिया है। हमारे द्वारा अपनी लायकियत सिद्ध करना उचित शिखर पर पहुंचना जीवन के अवश्यमेव आदि बन गए हैं। पर सच यह हैं कि वास्तव में जो महान है वह तो प्राकृतिक रूप से ही सहज- सरल आदि है। जल की तरह तरल, फूल की तरह कोमल, सांस की तरह नेचुरल आदि हैं। वह जो जितने सहज होते हैं उनमें उतनी ही गहराई पाई जाती है। उनमें ही ये सब गुण खिलते हैं जैसे निष्कपटता, साधुता, व्यवहार सौंदर्य और सच्चाई आदि- आदि। उनके लिए असहज कुछ होता ही नहीं सब सहज, सरल जीवन का हिस्सा ही हो जाता है। हम ही हैं जो अपने मिथ्या दंभ में जीवन में जटिलताएं ले आते है। सहज रूप से जीवन चलाएं तो वह तो सरलता का संजीवन होता ही है। हमारा यह जीवन समता का राजपथ हैं। इस पर हमको चलना होगा। यह हम मानव की कमजोरी हैं कि समस्या को देख उससे दुःखी बन जाते हैं। समस्या अलग चीज हैं , दुःखी होना अलग बात हैं। हालांकि दोनों का संबंध हैं परन्तु समस्या आने पर दुःखी होना कोई आवश्यक नहीं हैं। किसके जीवन में समस्याएं नहीं आती हैं? बड़े- बड़े महापुरुषों के जीवन में भी समस्याएं आती हैं। हम भगवान् महावीर को देखें, गौतम बुद्ध को देखें, राम को देखें, कठिनाइयां तो जीवन में आई हैं। परन्तु महापुरुष वह हैं जो कठिनाईयों के आने पर भी शांत रहता हैं, दुःखी नहीं बनता हैं। विचारों का अनियन्त्रित प्रवाह हमें जीवन में भटकाता है जबकि उन पर नियंत्रण हमें परिष्कार की राह दिखाता है। चिंतन की निर्विचार अवस्था एक महान शक्ति का परिचायक है, इसी दिशा में निर्बाध रूप से अग्रसर होना चरम व सिद्ध अवस्था का दायक है। वह अपने मन को प्रशिक्षित कर रखता हैं कि मुझे दुःखी नहीं बनना हैं। ऐसे व्यक्ति महानता के शिखर पर आरोहरण कर सकता हैं।

**प्रदीप छाजेड़**

## दैनिक राशिफल




**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ** धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** करियर में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। यात्रा के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापारियों को लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से संपर्क लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ है।

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**वृश्चिक** कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**धनु** नई संभावनाएं सामने आएंगी। नौकरी और व्यवसाय में उन्नति के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

**मकर** मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** आज का दिन सकारात्मक रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के योग हैं। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

# जंग का चक्रव्यूह: प्रवेश आसान, बाहर निकलना मुश्किल



महाभारत का वह प्रसंग सभी भारतीय को याद होगा जिसमें युवा अभिमन्यु ने कहा था कि उन्हें चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो आता है, लेकिन उससे बाहर निकलने का मार्ग वे नहीं जानते। आज का वैश्विक परिदृश्य भी इसी कड़वी सच्चाई से जूझ रहा है। 21वीं सदी के आधुनिक दौर में कुछ राष्ट्र और उनके सर्वोच्च नेता राजनीतिक, भौगोलिक और रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं के वशीभूत होकर युद्ध के मैदान में उतर तो जाते हैं, लेकिन कुछ ही समय में वे खुद को एक ऐसे अंतहीन दलदल में पाते हैं जहां से गरिमा के साथ कदम पीछे खींचना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल अवश्य हो जाता है। हालिया वैश्विक घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद, युद्ध को शुरू करना जितना सरल है, उसे समेटना उतना ही पेचीदा और अनिश्चित है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध की चिनगारी सुलगाने वाले अक्सर इस मुगालते में रहते हैं कि वे मकसद पूरा होने पर अपनी शर्तों पर और अपनी मर्जी के समय पर इसे खत्म कर लेंगे। लेकिन असलियत इसके ठीक उलट रही है। वियतनाम युद्ध इसका एक बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण है, जहाँ दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका एक कम्युनिस्ट सरकार को हटाने के उद्देश्य से उतरी थी। लगभग 20 साल (1955 से 1975) तक खिंचे इस युद्ध में अमेरिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन अंततः 50,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की जान गंवाने और देश के भीतर भारी जन-आक्रोश झेलने के बाद अमेरिका को वहां से मजबूरन पैर खींचने पड़े। ठीक ऐसा ही भंवर सोवियत संघ के लिए 1979 में अफगानिस्तान में बना, जिसने सोवियत अर्थव्यवस्था और रूतबे को इस कदर खोखला कर दिया कि अंततः उसका विघटन ही हो गया।

इस 'अफगान जाल' की कड़वाहट से इतिहास ने कोई सबक नहीं सीखा। साल 2001 में 9/11 के आतंकी हमलों के बाद अमेरिका उसी अफगानिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने और एक त्वरित जीत के भरोसे दाखिल हुआ। तत्कालीन रक्षा सचिव ने तो कुछ ही महीनों में युद्ध खत्म होने की घोषणा भी कर दी थी। लेकिन यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा युद्ध (लगभग 19 साल 10 महीने) बन गया। अंततः अगस्त 2021 में, अरबों डॉलर फूंकने और हजारों जान गंवाने के बाद, अमेरिका को बेहद अफरातफरी और अपमानजनक स्थिति में अपना युद्धक समान छोड़कर वहां से निकलना पड़ा, और अफगानिस्तान वापस उसी तालिबान के हाथ में चला गया जिसे हटाने अमेरिका आया था।

यह 'क्विक विक्ट्री' यानी त्वरित जीत का भ्रम आज के दौर में भी साफ देखा जा सकता है। जब फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो मॉस्को का आकलन था कि यह कुछ दिनों या हफ्तों का एक सीमित सैन्य अभियान होगा। लेकिन आज सालों बाद भी यह युद्ध एक अंतहीन गतिरोध में बदल चुका है, जहाँ दोनों पक्षों को भारी जन-धन की हानि हो चुकी है, पर राजनीतिक मजबूरियों के कारण कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है।

ठीक इसी तरह, ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच भड़के सीधे सैन्य टकराव को भी रणनीतिकारों ने एक 'सीमित और त्वरित' कार्रवाई माना था। धारणा यह थी कि सटीक हवाई हमलों से ईरान को झुका दिया जाएगा, वहां सत्ता परिवर्तन कर दिया जाएगा परंतु इसके जवाब में उपजे क्षेत्रीय संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी और छद्म युद्धों के विस्तार ने महाशक्तियों को एक नए रणनीतिक भंवर में फंसा दिया है।

इस वैश्विक चक्रव्यूह के पीछे कई गहरे कारण काम करते हैं। पहला है 'संक कॉस्ट फैलेसी' यानी प्रतिष्ठा का दांव, अर्थात जब सैकड़ों सैनिकों की जान चली जाती है और अरबों डॉलर खर्च हो जाते हैं, तो बिना किसी ठोस 'जीत' के पीछे हटना किसी भी राष्ट्रध्यक्ष के लिए राजनीतिक आत्महत्या जैसा हो जाता है। दूसरा कारण है युद्ध का वैश्वीकरण, मतलब

आधुनिक दौर की जंगें केवल दो देशों के बीच नहीं रह जातीं, उनमें स्थानीय मिलिशिया, हथियार आपूर्तिकर्ता और वैश्विक गठबंधन शामिल हो जाते हैं, जिससे युद्ध की कमान मूल देशों के हाथ से निकल जाती है। इसके अलावा, आर्थिक आत्मघात भी इसका एक बड़ा पहलू है, जहाँ प्रतिबंधों और आपूर्ति श्रृंखला टूटने के कारण वैश्विक ईंधन और खाद्यान्न संकट पैदा होता है, जिससे युद्ध शुरू करने वाले देशों की अपनी अर्थव्यवस्था भी इसकी जद में आ जाती है।

आज का वैश्विक परिदृश्य यह गंभीर चेतावनी देता है कि आधुनिक हथियारों से युद्ध की शुरुआत तो की जा सकती है, लेकिन उसका अंत कभी भी उनके नियंत्रण में नहीं होता। वियतनाम से लेकर अफगानिस्तान और यूक्रेन से लेकर ईरान तक के उदाहरण यह चीख-चीख कर कह रहे हैं कि ताकत के बल पर जंग का फैसला जल्द नहीं किया जा सकता। युद्ध में उतरने से पहले 'एक्जिट स्ट्रेटजी' यानी बाहर निकलने के सुरक्षित रास्ते का न होना ही इस सदी का सबसे खतरनाक चक्रव्यूह है, और जब तक वैश्विक नेतृत्व इस सच को स्वीकार नहीं करेगा, तब तक शांति केवल एक कागजी शब्द बनी रहेगी।

**लेखक: प्रो. (डा.) मनमोहन प्रकाश**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## जल जीवन मिशन से दो बैटरी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रतनपुर/ महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित सोलर आधारित पेयजल प्रणाली से अज्ञात चोरों ने दो कीमती बैटरियां पार कर दी है। बैटरी चोरी होने के कारण पूरे गांव की जलापूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पंप ऑपरेटर लक्ष्मण यादव ने बुधवार को सोनौली थाना प्रभारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए पत्र में ऑपरेटर ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने प्लांट को निशाना बनाया और वहां लगी दो बैटरियां चुरा ले गए। सुबह जब वे प्लांट पर पहुंचे तो बैटरियां गायब देख उनके होश उड़ गए। बैटरियां चोरी होने से प्लांट ठप पड़ा है और ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पंप ऑपरेटर ने पुलिस से मामले की त्वरित जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और चोरी गई बैटरियों को जल्द बरामद कर जलापूर्ति बहाल कराने की गुहार लगाई है। पुलिस शिकायती पत्र के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## कार्रवाई- 7 पर गैंगस्टर, पॉक्सो आरोपी गिरफ्तार, 43 वाहनों का किया चालान

**देवरिया, 10 जून।** जनपद में अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर देवरिया पुलिस ने बुधवार को व्यापक अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में एक ओर जहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई, वहीं गोवंश तस्करी और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों में भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने शहर के बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और कसया ओवरब्रिज क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों, बिना हेलमेट तथा तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना फिटनेस के चल रहे वाहनों पर भी शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान कुल 43 वाहनों का ई-चालान किया गया जबकि 2 वाहनों को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने गोवंश तस्करी में संलिप्त सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना तरकुलवा और भाटपाररानी क्षेत्र के आरोपियों पर गोवंश तस्करी और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पहले से मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी संगठित रूप से अवैध गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

उधर थाना भटनी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक वांछित आरोपी सोनू राजभर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने पीड़िता को पहले ही सकुशल बरामद कर लिया था। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सपा जिलाध्यक्ष भाजपा पर बरसे बोला पीडीए के हक पर डाका, युवा बेहाल

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समाज के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामाजिक न्याय और आरक्षण व्यवस्था लगातार निशाने पर है, जबकि युवा बेरोजगारी और भर्ती घोटालों से परेशान हैं। व्यास यादव ने कहा कि सरकार न तो पर्याप्त भर्तियां निकाल रही है और न ही जिन भर्तियों का आयोजन हुआ, उनमें आरक्षण व्यवस्था का सही तरीके से पालन किया गया। उनका आरोप था कि 22 भर्तियों में 11,514 पदों पर पीडीए समाज के अधिकारों की अनदेखी की गई। पिछड़ा वर्ग आयोग और न्यायालय की टिप्पणियों के बावजूद सरकार मौन बनी हुई है। उन्होंने नीट समेत विभिन्न परीक्षाओं में उठे विवादों और बार-बार सामने आए पेपर लीक मामलों को युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बताया। कहा कि लाखों छात्र कठिन मेहनत के बाद भी असुरक्षा और अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि पीडीए समाज के बच्चों की सीटें घटाई जा रही हैं और जब युवा अपने अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो उन्हें मुकदमों में फंसाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की आवाज दबाने की कोशिश बताया।

# गोरखपुर- फर्जी मर्चेंट QR कोड बनाकर करोड़ों की साइबर ठगी का नेटवर्क ध्वस्त, 3 गिरफ्तार; 1308 साउंडपॉड और 866 QR स्कैनर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मर्चेंट क्यूआर कोड बनाकर साइबर ठगी के करोड़ों रुपये के लेन-देन को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोतवाली पुलिस, साइबर कमांडो टीम और जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड, 1308 जी-पे साउंडपॉड और 866 क्यूआर स्कैनर बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कुशीनगर निवासी संकेत राय, गोरखनाथ निवासी तौहीद आलम उर्फ गोलू तथा शाहपुर निवासी राज सिंह शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट की धारा 66-डी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी पैन कार्ड, वोटर आईडी और अन्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कर Google Pay, BharatPe, Mobikwik समेत विभिन्न डिजिटल भुगतान कंपनियों में मर्चेंट अकाउंट बनाते थे। इन खातों से जुड़े क्यूआर कोड और साउंडपॉड साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन और निकासी के लिए इस्तेमाल किए जाते थे।

पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से बड़ी संख्या में फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। प्रारंभिक जांच में इन बैंक खातों में करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड का लेन-देन होने की जानकारी सामने आई है। कई राज्यों और जनपदों में इन खातों से संबंधित ऑनलाइन साइबर शिकायतें भी दर्ज पाई गई हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे साइबर अपराधियों के लिए लोगों को बहला-फुसलाकर "म्यूल बैंक खाते" खुलवाते थे। इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिए उन खातों को मर्चेंट अकाउंट में बदलकर उनसे क्यूआर कोड और साउंडपॉड जोड़ दिए जाते थे। लगातार अधिक लेन-देन दिखने के कारण ऐसे खाते साइबर शिकायत होने के बाद भी जल्दी फ्रीज नहीं होते थे, जिससे ठगी की रकम को आसानी से इधर-उधर किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और बैंक खातों की गहन जांच की जा रही है। आशंका है कि इस गिरोह के तार कई राज्यों में सक्रिय बड़े साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। मामले में आगे की जांच जारी है और कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना।

# अवैध देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार की है। पुलिस ने महिला के पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला अवैध शराब के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शांति देवी नामक महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 28 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त करते हुए महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दहेज में 3 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा गोरखपुर-** चिलुआताल थाना क्षेत्र के डोहरिया बाजार निवासी हेवन्ता उर्फ मधु साहनी पुत्री राम सकल साहनी की शादी 23 अप्रैल 2024 को सहजनवा थाना क्षेत्र के हड़हा उर्फ सोनबरसा निवासी निरंजन साहनी पुत्र दिनेश साहनी के साथ हुई थी। शादी में उपहार के रूप में 5 लाख रुपए नकद,बुलेट तथा 6 लाख रुपए के जेवरात सहित अन्य सामान दिया गया था। ससुराल पहुंचने पर पति सहित ससुराल के अन्य लोग कम दहेज लाने का ताना मारने लगे। और कहने लगे कि बेटा विदेश में पेंट पॉलिश कराने का ठेका लेता है। तुम्हारी हैसियत मेरे घर शादी करने की नहीं है। 3 लाख रुपया और मायके से लाओ नहीं तो इस घर में रहने लायक नहीं छोड़ा जायेगा। मायके के लोगों ने और दहेज देने में असमर्थता जाहिर किया। इसके बाद ससुराल के लोग प्रताणित करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया।इसी बीच देवर घर में घुसकर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। 6 सितम्बर 2025 को पति और ससुराल के लोग जान मारने की नीयत से पीड़िता के गले में रस्सी बांध कर पंखे में लटका दिया। संयोग से रस्सी टूट गई। और जान बच गया। मायके के लोग आए उसे लेकर चले गए। समझौते के बाद पति ससुराल लाया। इसी बीच पति का एक लड़की से अवैध संबंध हो गया। और उसे बार बार छोड़ने की धमकी देता। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। तो पति और ससुराल के लोग पेट में लात मार दिया। जिससे गर्भपात हो गया।इसके बाद ससुराल के लोग जेवरात छीन लिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने पति, ससुर, सास, देवर, ननद, मौसी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। इस संदर्भ में सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कराकर केस दर्ज कराया जायेगा।

# शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, इंकार पर दी जान से मारने की धमकी; युवक समेत तीज़न पर मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और बाद में विवाह से इंकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी मां और पिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में उपनगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने आरोप लगाया है कि करीब चार-पांच वर्ष पहले उसका विवाह युसुफ उर्फ राज पुत्र सलीम उर्फ गुड्डू के साथ तय हुआ था। विवाह तय होने के बाद दोनों परिवारों के बीच लगातार संपर्क और आना-जाना बना रहा। इसी दौरान आरोपी युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर युवती का विश्वास जीता और कई बार उसे अपने साथ बाहर ले गया।

पीड़िता का आरोप है कि इसी विश्वास का फायदा उठाते हुए युसुफ उर्फ राज ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी उसने इसका विरोध किया, आरोपी जल्द विवाह होने की बात कहकर उसे भरोसा दिलाता रहा। युवती का कहना है कि वह आरोपी की बातों पर विश्वास करती रही क्योंकि दोनों परिवारों के बीच वैवाहिक संबंध की चर्चा सार्वजनिक रूप से हो चुकी थी। तहरीर के अनुसार पिछले कुछ महीनों से आरोपी और उसके परिवार का व्यवहार अचानक बदल गया।

युवती के परिजनों ने जब विवाह की तारीख और अन्य तैयारियों को लेकर बातचीत करनी चाही तो उन्हें टालमटोल जवाब मिलने लगे। आरोप है कि बीते 3 अप्रैल को युसुफ उर्फ राज ने फोन कर साफ शब्दों में शादी करने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, उसने दोबारा घर आने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा है कि विवाह तय होने की जानकारी दोनों परिवारों के अलावा रिश्तेदारों और गांव के लोगों को भी थी। ऐसे में शादी से पीछे हटने के कारण उसे और उसके परिवार को सामाजिक, मानसिक तथा भावनात्मक आघात पहुंचा है। युवती का आरोप है कि उसके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर शोषण किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए गोला पुलिस ने युसुफ उर्फ राज, उसकी मां शबनम तथा पिता सलीम उर्फ गुड्डू के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 351(3) एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन दिलाने के नाम पर वायुसेना जवान से तीन लाख की ठगी, बिचौलिए पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी भारतीय वायु सेना के एक जवान से जमीन दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर गोला पुलिस ने जमीन के बिचौलिए के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और विश्वासघात से जुड़े आरोपों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मिश्रौलिया निवासी सुनील कुमार मिश्रा भारतीय वायु सेना में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्हें लखनऊ-फैजाबाद रोड पर आवास निर्माण के लिए एक भूखंड की आवश्यकता थी। इसी सिलसिले में उन्होंने अपने परिचित एवं जमीन की खरीद-फरोख्त का कार्य करने वाले मनीष कुमार चतुर्वेदी निवासी प्रतापीपुर, थाना उरुवा बाजार से संपर्क किया।

आरोप है कि मनीष कुमार ने उन्हें लखनऊ में एक जमीन दिखाकर उसका सौदा तय कराया और बयाने के रूप में रुपये जमा करने को कहा। परिचित होने के कारण सुनील मिश्रा ने उस पर भरोसा किया और अप्रैल से जून के बीच अलग-अलग माध्यमों से कुल तीन लाख रुपये उसके खाते में भेज दिए।

पीड़ित के अनुसार रकम प्राप्त करने के बाद आरोपी ने रजिस्ट्री कराने में टालमटोल शुरू कर दी। बाद में उसने यह कहकर हाथ खड़े कर दिए कि जिस स्थान की जमीन दिखाई गई थी, वह उपलब्ध नहीं है। इसके बाद उसने किसी अन्य स्थान पर जमीन दिलाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन वह जमीन पीड़ित को पसंद नहीं आई।

सुनील मिश्रा का आरोप है कि जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने पहले आश्वासन दिया, फिर लगातार बहाने बनाने लगा। कई बार फोन और व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के बावजूद न तो रुपये लौटाए गए और न ही कोई जमीन उपलब्ध कराई गई। इतना ही नहीं, पैसे की मांग करने पर आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ित ने रुपये वापस पाने के लिए विधिक नोटिस भी भेजा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर अंततः गोला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार चतुर्वेदी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 316(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की गहन जांच की जा रही है।

# आईजीआरएस प्रकरणों में प्राप्त आख्या की डीएम ने की समीक्षा

● सुधार के लिए दिए निर्देश, अन्यथा होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही एवं त्रुटिपूर्ण आख्या लगाए जाने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का वास्तविक समाधान किए बिना निस्तारण आख्या अंकित करना स्वीकार्य नहीं होगा। सभी अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक और समयबद्ध निस्तारण करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आईजीआरएस सेल के पटल सहायक बृजेंद्र चौधरी एवं रिचा सिंह द्वारा प्राप्त फीडबैक की समीक्षा के दौरान कई मामलों में बिना संतोषजनक समाधान के आख्या अपलोड किए जाने की स्थिति सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

समीक्षा में ग्राम पचौरा निवासी सदाशिव की चकमार्ग सीमांकन संबंधी शिकायत में बिना वास्तविक निस्तारण के आख्या लगाए जाने पर उपजिलाधिकारी सदर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। वहीं पथरदेवा क्षेत्र के ग्राम चिगनीभार निवासी संतोष कुशवाहा की रास्ते से अतिक्रमण हटाने संबंधी शिकायत में तहसीलदार सदर की आख्या भी संतोषजनक नहीं पाई गई। दोनों मामलों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार टाउन एरिया भाटपाररानी निवासी रितुल विशेन की नाली निर्माण संबंधी शिकायत, टाउन एरिया भटनी निवासी कृष्णा सिंह व अन्य की क्षतिग्रस्त वाटर प्लांट की मरम्मत संबंधी शिकायत तथा मझौलीराज निवासी मनोज कुमार की फर्जीवाड़ा संबंधी शिकायत में संबंधित अधिशासी अधिकारियों को आईजीआरएस निस्तारण प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क, स्थलीय सत्यापन और वास्तविक समाधान के बाद ही पोर्टल पर आख्या अपलोड करें।

## बेचने के लिए जंगल में छिपाकर रखी थीं चोरी की बाइकें, पुलिस ने बदमाशों को दबोचा

**देवरिया।** जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल शोरूम से हुई चोरी की बड़ी वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपितों और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की पांच नई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। कार्रवाई तरकुलवा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में की गई। पुलिस के मुताबिक, 9/10 जून की रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान सिरवनिया धूस जंगल की तरफ से आ रहे एक युवक को रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान श्रावस्ती निवासी विमल पाण्डेय के रूप में हुई। उसके पास मिली बिना नंबर प्लेट की बजाज पल्सर की जांच करने पर पता चला कि बाइक तरकुलवा थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है। सख्ती से पूछताछ में विमल ने अपने साथियों भोला, कृष्णानंद तिवारी, आकाश और एक नाबालिग के साथ मिलकर तरकुलवा कस्बे स्थित गणेश ऑटो सेल्स के पीछे का ताला तोड़कर पांच नई मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात कबूल की। आरोपितों ने बाइकें सिरवनिया धूस जंगल में छिपाकर रखी थीं और उन्हें बेचने की तैयारी में थे।

# पट्टी धर्मदास में चला विशेष टीकाकरण अभियान, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लगाए गए जीवनरक्षक टीके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा गोरखपुर-** सहजनवा तहसील के पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा पट्टी धर्मदास में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विशेष टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने बच्चों और परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए टीकाकरण कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिशुओं, छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीके लगाकर उन्हें विभिन्न गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डायरिया, डिप्थीरिया, पोलियो, पीलिया, काली खांसी, टीबी, टिटनेस, इन्फ्लुएंजा, निमोनिया, मीजल्स, रूबेला और इंसेफेलाइटिस जैसी लगभग 12 गंभीर बीमारियों से बचाव के टीके लगाए गए। साथ ही 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का वजन कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया गया तथा आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया।

अभियान को सफल बनाने में सीएचओ वंदना पाण्डेय, एएनएम गायत्री देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती देवी, आशा बहू रीना देवी एवं निर्मला गौड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएचओ वंदना पाण्डेय ने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है तथा उनके स्वस्थ शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

विशेष बात यह रही कि शिविर में टीकाकरण के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर दयानंद शुक्ल, प्रेम नारायण शुक्ल, पुनीत शुक्ला, संदीप प्रजापति, शिवांश शुक्ला और कृतार्थ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर गांवों में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि हर बच्चा और हर परिवार स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सके।

# मान सरकार ने पटियाला में हाइब्रिड सैनिटेशन मॉडल लॉन्च किया; पटियाला को पंजाब का सबसे साफ़ शहर बनाने के लिए 30 दिन का टारगेट

» मशीन से घास काटने और रगड़ने से लेकर सड़क धोने तक, चार स्टेप वाला सैनिटेशन मॉडल पटियाला शहर को चमका देगा: हरजोत सिंह बैंस

» पंजाब को भारत का सबसे साफ़ राज्य बनाने के लिए पूरे राज्य में हाइब्रिड सैनिटेशन मॉडल लागू किया जाएगा: लोकल बॉडीज़ मिनिस्टर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला,** पंजाब के शहरी इलाकों में सैनिटेशन और हाइजीन के काम में बड़ा बदलाव लाते हुए, पंजाब के लोकल बॉडीज़ मिनिस्टर स. हरजोत सिंह बैंस ने आज अपनी तरह के पहले हाइब्रिड सैनिटेशन मॉडल की घोषणा की। यह मॉडल एक महीने के अंदर पटियाला को राज्य का सबसे साफ़ शहर बना देगा और आने वाले समय में पंजाब भारत का सबसे साफ़ राज्य बन जाएगा। बुधवार सुबह पटियाला की सड़कों पर इस नए मॉडल को लॉन्च करते हुए, स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस हाइब्रिड मॉडल में घास काटने के काम के साथ-साथ मशीनें, सुपर-सक्शन मशीनें, स्क्रबर, ऑर्गेनिक कचरे को हाथ से इकट्ठा करना और सड़कों की धुलाई का काम शामिल है। यह सिस्टम हर वार्ड के लिए पहले से तय हफ़्ते के सफ़ाई शेड्यूल के हिसाब से काम करेगा।

एस. बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पंजाब, भारत में सबसे अच्छा सफ़ाई मॉडल लागू कर रहा है। इस चार-स्टेप वाले मॉडल में ऑटोमैटिक श्रब कटर (झाड़ी काटने वाली मशीनें), घास और पेड़ की टहनियों को हाथ से उठाना, सुपर-सक्शन मशीनें और स्क्रबर शामिल हैं। इसके बाद सड़कों को धोया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। अगला सोमवार और भी बेहतर होगा और हर हफ़्ते इसमें और सुधार होगा। आपको हर सड़क चमकती हुई दिखेगी, यह इस सिस्टम का नतीजा है।

लोकल बॉडीज़ मिनिस्टर ने ज़ोर देकर कहा कि सफ़ाई कर्मचारी इस कैंपेन का मुख्य हिस्सा हैं। दूसरा स्टेप (ऑर्गेनिक कचरा इकट्ठा करना) पूरी तरह से उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, ÷हमारे सफ़ाई कर्मचारी हमारे मुख्य पार्टनर हैं। मशीनें भारी उठाने का काम करेंगी और वे बारीक काम संभालेंगी। यह सिस्टम हाथ की मेहनत कम करने और एफ़िशिएंसी बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक बार सड़कें चमकने लगेंगी, तो डीप क्लीनिंग की ज़रूरत अपने आप कम हो जाएगी, लेकिन सिर्फ़ सफ़ाई बढ़ेगी।" सरदार हरजोत सिंह बैंस ने कहा, ÷हमारी कोशिश है कि एक महीने के अंदर पटियाला को पंजाब का सबसे साफ़ और सुंदर शहर बनाया जाए। इसके बाद हम पूरे पंजाब में यह कैंपेन शुरू करेंगे।"

# परसा सुमाली में मनरेगा के घोटाले पर हंगामा, पत्रकारों से नोंक-झोंक

» पचास रूपए में खरीदी जा रही गरीबों की हाजिरी, कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों से भिड़े कारिंदे, जमकर हुई बवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा परसा सुमाली में सोमवार को मनरेगा के तहत चल रहे चकबंद कार्य के दौरान उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया जब मौके पर पहुंचे दो पत्रकारों ने मजदूरों की संख्या में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा कर दिया। बताया जाता है कि मस्टरोल में कुल 90 मजदूरों की हाजिरी दर्ज थी लेकिन जमीनी हकीकत में मौके पर मात्र 40 मजदूर ही काम करते मिले और जब पत्रकारों ने इस विसंगति को लेकर वहां मौजूद श्रमिकों से पूछताछ की तो कार्रवाई के डर से अधिकांश ने चुप्पी साध ली, जिसके बाद मजदूरों की मॉनिटरिंग कर रहे एक व्यक्ति ने आपा खोते हुए पत्रकारों पर तीखा हमला बोला और श्रमिकों को उकसाकर विवाद खड़ा करा दिया जिससे माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि दोनों पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई और मामला सीधे सोनौली कोतवाली तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने यह सनसनीखेज आरोप लगाकर सनसनी फैला दी कि यहां हर सुबह करीब 90 लोगों को बुलाकर केवल जियो-टैगिंग फोटो खींची जाती है और उसके तुरंत बाद 30 से 40 लोगों को वापस भेज दिया जाता है जिन्हें बिना काम किए केवल फोटो खिंचवाने के एवज में 50 से 60 रुपये थमाकर उनके नाम का पूरा सरकारी बजट डकार लिया जाता है, हालांकि थाने में मामला बढ़ने और कानूनी फंदे में फंसने के डर से संबंधित रोजगार सेवक ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित व मौखिक रूप से क्षमा मांग ली जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता तो हो गया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता, शुचिता और जिम्मेदार अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा कर दिया।

## चोरी की कई घटनाओं का एसपी ने किया खुलासा, सोने चांदी के भारी भारी मात्रा में आभूषण बरामद,तीन गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त टीम ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दावा किया है कि गिरफ्तार आरोपी कई थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने पुलिस लाइन सभागार में चोरी की उक्त घटना का खुलासा करते हुए कहा कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मालगोदाम के पास से संदीप गुप्ता उर्फ बुलबुल, अंकित गुप्ता और पूनम गुप्ता को गिरफ्तार किया। बरामद सामान में 10 कंगन, 3 हार, 5 झुमके, 2 माथ टीका, 3 अंगूठी, 1 चेन, 2 नथिया, ओम लॉकेट सहित कई सोने के आभूषण तथा करधनी, पाजेब, पायल, बिछिया समेत चांदी के जेवर शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरिस की एससी बस्ती में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**भदोही।** समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत पिपरिस के रमैया स्थित एससी बस्ती में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. सपना अवस्थी के निर्देश पर तथा नोडल डीसी डॉ. सरोज पांडेय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान बस्ती में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा कूड़े-कचरे के उचित निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे को आरआरसी सेंटर भेजा गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान हृदय नारायण, एडीओ पंचायत मनोज कुमार मौर्य, रोजगार सेवक अनिल मौर्य, पंचायत सहायक विवेक आचार्य सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण में जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया।

### भूमि विवाद में डीएम से लगाई गुहार, निष्पक्ष जांच की मांग

**भदोही।** दुर्गागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गोपालहा गांव निवासी आनंद प्रकाश शुक्ला ने भूमि विवाद एवं अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार और उप जिलाधिकारी अरुण गिरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। मामले में एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं। फरियादी का कहना है कि वर्ष 2015 में पारिवारिक संपत्ति विवाद का निस्तारण स्टांप एवं नोटरीयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से हो चुका था। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष गाटा संख्या 887 स्थित भूमि एवं शौचालय पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से बिना निर्धारित प्रक्रिया के भूमि की पैमाइश कराकर विपक्षी पक्ष को निर्माण कराने का अवसर दिया जा रहा है। साथ ही विवादित स्थल की वास्तविक स्थिति बदलने का प्रयास किए जाने की भी शिकायत की गई है। आनंद प्रकाश शुक्ला ने प्रार्थना पत्र में विपक्षी पक्ष द्वारा धमकी देने एवं परिवार की सुरक्षा को खतरा होने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच, अवैध कब्जे के प्रयास पर रोक तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चकनिरंजन गांव निवासी धर्मराज उपाध्याय की बाइक घर के सामने से चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धर्मराज उपाध्याय पुत्र रामश्रृंगार उपाध्याय ने अपनी एचएफ डीलक्स बाइक (संख्या यूपी 66 एबी 1226) प्रतिदिन की तरह घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाहर निकलने पर बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने गोपीगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### बरौधा चौकी से चंद कदम की दूरी पर बिकता है गाजा स्थानीय प्रशासन मौन शिकायत के बाद भी नहीं करते करवाई




**हलिया मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी के चंद कदम की दूरी पर बिकता है गाजा शिकायत के पास भी स्थानीय पुलिस नहीं करती है कार्रवाई ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि क्षेत्र में गांजा बेच कर छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है कहने पर लोगों को शराब पिकर गाजा विक्रेता लोगों को गाली गलौझ देता है जिसकी शिकायत कई बार पुलिस चौकी में दिया गया लेकिन गांजा विक्रेता के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुआ जिससे ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई बार प्रुफ के साथ चौकी पर कंप्लेंन किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ या तो पुलिस के सेटिंग हो जिससे पुलिस अनदेखी कर रही है मंगलवार के रात में भी पुलिस को सूचना गाजा का दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि इस तरीके से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री किया जा रहा है खुलेआम जिसको बंद कराया जाए। और कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।

# योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए निकली भव्य साइकिल रैली

● **डीएम शैलेष कुमार ने स्वयं साइकिल चलाकर दिया योग और स्वास्थ्य का संदेश**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जन-जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित की गई है। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वाराणसी डॉ. अरविंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिलाधिकारी ने स्वयं साइकिल चलाकर लोगों को योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

साइकिल रैली जिलाधिकारी आवास सरपतहां से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से गुजरते हुए विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज पहुंची। रैली के दौरान 'योग अपनाएं-स्वस्थ जीवन पाएं', 'हर घर योग, हर दिन योग, हर जन निरोग' और 'स्वस्थ भारत का आधार, योग बने हर परिवार' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आयु में शारीरिक आत्मनिर्भरता, मानसिक शांति एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नागरिकों से 21 जून को आयोजित मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता करने की अपील की।

रैली में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, आयुष विभाग के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, सरकारी कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। समापन पर सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास एवं 'हर घर योग' के संकल्प की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में आयुष विभाग के डॉ. बृजराज, डॉ. अनुप, डॉ. शरद एवं डॉ. जितेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीएचसी अभोली के अधूरे कार्यों पर डीएम नाराज

● **30 जून तक निर्माण व मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अभोली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए उन्होंने अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र भवन की रंगाई-पुताई, मुख्य प्रवेश द्वार की मरम्मत, रैंप को मानक के अनुरूप विकसित करने, क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने तथा पाइपलाइन एवं विद्युत व्यवस्था से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। डीएम ने चिकित्सकों के आवासों के साथ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवासों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एक कर्मचारी के आवास की छत में तकनीकी खामी पाए जाने पर उन्होंने विशेषज्ञ टीम से जांच कराकर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूर एवं मिस्त्री लगाने तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि 30 जून 2026 तक सीएचसी अभोली में चल रहे सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। समय सीमा के भीतर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।



जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनिल सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर संख्या अधिकारी नीरव सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों एवं महिला पुलिसकर्मियों ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों तथा महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 तथा सीएम हेल्पलाइन-1076 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 21 वर्षिय युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गंगहरा खुर्द माईनर के पास बुधवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में 21 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। युवक के शरीर पर चोट व जलने का निशान से प्रथम दृष्टया बिजली करंट से मौत होना दिखाई दे रहा है। युवक छः बहनों के बीच एकलौता भाई था।स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह, लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ के साथ फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई।

लहंगपुर निवासी सूर्यबली का इकलौता पुत्र 21 वर्षीय किशन कुमार का शव गंगहरा खुर्द गांव में स्थित पावर हाउस और नहर के पास पड़ा मिला है। बुधवार को सुबह शौच के लिए गए युवक के चाचा रामनरेश ने शव देखकर स्वजनों को सूचित किया। इकलौती बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई, स्वजनों ने बताया कि किशन लहंगपुर बाजार में स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था, मंगलवार की रात 9:30 बजे घर आया था। उसके बाद घर से बाहर गया और वापस नहीं लौटा। स्वजन देर रात तक इधर-उधर पता लगाया लेकिन कहीं पता नहीं चला, उसी बीच आंधी तुफान और वर्षात होने लगी। सुबह किशन मृत अवस्था में मिले।मृतक के पैर में बिजली के करंट से जला हुआ दिखाई दिया और सिर और पीठ में चोट के निशान हैं। मृतक के चाचा रामनरेश की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी आपरेशन राजकुमार मीणा व पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने घटनास्थल का मौका मुहाना किया और स्वजनों से बात की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि बिजली करंट से मौत हुई है पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है, रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट होगी तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने बताया कि पैर में इलेट्रीक शार्ट से 24 वर्षीय युवक की मृत्यु प्रतीत हो रही है। पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक शांत स्वभाव का था उसका किसी से कोई विवाद नहीं था।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में डीएम-एसपी का निरीक्षण, नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा पर दिया जोर

● **भदोही में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा-2025, डीएम-एसपी ने परखी व्यवस्थाए**

**परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को डीएम व एसपी ने दी बधाई, सराहा टीमवर्क**

**कड़ी सुरक्षा, सतत निगरानी और बेहतर प्रबंधन से सफल रही पुलिस भर्ती परीक्षाः डीएम शैलेष कुमार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 10 जून 2026:-** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को जनपद भदोही में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय, ज्ञानपुर तथा विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, प्रवेश द्वारों पर की जा रही जांच प्रक्रिया तथा परीक्षा केंद्रों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा



केंद्रों पर सतत निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अभ्यर्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पेयजल, विद्युत, स्वच्छ शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी गई। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व गहन जांच कराई गई तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई।

### महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**भदोही।** महाराजा सुहेलदेव पासी के विजय दिवस के अवसर पर केयर मऊ नई बस्ती में विनय पासी के आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, त्याग एवं राष्ट्र रक्षा में उनके योगदान को याद किया। अखिल भारतीय पासी समाज के जिलाध्यक्ष प्रदीप वियोगी ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने समाज को एकजुट कर विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया और उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वक्ताओं ने युवा पीढ़ी को उनके इतिहास और आदर्शों से अवगत कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. पवन कुमार पासी, रामधनी पासी, राम प्रकाश पासी, मुकुंद लाल पासी, जैन पासी, सूबेदार विश्वकर्मा, अनिल पासी, सुरेश पासी, विनय पासी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## डिस्क इंसुलेटर खराब होने से आधे नगर की बिजली गुल, उमस में कटी रात




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** मंगलवार रात तेज आंधी और बारिश के बाद नगर के कठौता, पापुलर हॉस्पिटल एवं थाना क्षेत्र के पास विद्युत लाइन में लगे डिस्क इंसुलेटर खराब हो जाने से गोपीगंज के आधे हिस्से की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली न रहने से लोगों को पूरी रात उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। विद्युत फाल्ट के कारण गोपीगंज फर्स्ट फीडर की आपूर्ति रातभर बाधित रही। वहीं सेकेंड फीडर से जुड़े भगवतपुर और खड़हट्टी मोहल्लों में भी बिजली की आंख-मिचौली जारी रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से मोटर और पंप नहीं चल सके, जिससे कई क्षेत्रों में पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया। लोग रातभर बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे। स्थानीय नागरिकों रोहित, ओंकार, धर्मराज, बबलू और रविशंकर सहित अन्य लोगों ने बताया कि जर्जर विद्युत उपकरणों के कारण आए दिन फाल्ट की समस्या उत्पन्न होती रहती है। उन्होंने विद्युत विभाग से पुराने एवं खराब उपकरणों को बदलकर व्यवस्था का नवीनीकरण कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

● **नागमलपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण सत्र का डीएम ने किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को विकास खंड अभोली के नागमलपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर संचालित टीकाकरण सत्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित मिलीं। जिलाधिकारी ने टीकाकरण अभिलेखों का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत की सभी 16 गर्भवती महिलाओं का निर्धारित टीकाकरण पूरा कराया जा चुका है। इसके अलावा 52 बच्चों का नियमित टीकाकरण भी संपन्न हो चुका है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गांव का एक बच्चा गंभीर रूप से अस्वस्थ है, जिसका उपचार चिकित्सकीय निगरानी में चल रहा है।



जिलाधिकारी ने टीकाकरण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण तथा नियमित स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर विद्युत व्यवस्था न होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की विद्युत व्यवस्था संबंधी रिपोर्ट दो दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा केंद्रों का संचालन स्वच्छ, सुरक्षित एवं बाल हितैषी वातावरण में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की नियमित निगरानी एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बाल एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। इनके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, चिकित्सा अधीक्षक अभोली डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनिल सिंह, अपर संख्या अधिकारी नीरव सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरजीआरएस पर शिकायत करने पर 15 दिन के बाद फर्जी फोटो अपलोड करके सचिव साहब ने झाड़ दिया अपना पल्ला

● **फोटो से साफ साबित हो गया कि इसी तरीके से 5 वर्ष में कराई गई है बैठक।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटहा मे खुली बैठक को लेकर आरजीआरएस पर शिकायत किया गया था जिस पर सचिव के द्वारा 15 दिन के बाद निस्तारण किया गया एक फोटो लगाकर जो फोटो एक वर्ष पहले का है प्राथमिक विद्यालय खुटहा पर अध्यापक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और ग्राम प्रधान के कुछ चहेते मौके पर दिखाई दे रहे है बाकी गांव के ना तो एक सदस्य हैं ना तो और गांव के लोग सिर्फ फोटो वीडियो बनाकर सुरक्षित रख लिया गया है उसी से जानकारी दिया जाता है की बैठक हुआ था और फर्जी बैठक दिखाकर भुगतान करवा लेते हैं ग्रामीणों को नहीं रहता है कोई बैठक की कोई जानकारी जब शिकायत होता है तब इसी तरीके से पुराना फोटो अपलोड करके कर देते हैं निस्तारण ग्राम पंचायत में जब खुली बैठक ही नहीं करवाया जाता है तो गांव में काम क्या होगा साथी साथ ग्रामीणों ने बताया कि 5 वर्ष में पंचायत भवन पर एक भी बैठक नहीं कराया गया है 5 वर्ष के बीच में एक भी गांव के विकास को लेकर चौपाल भी नहीं लगाया गया जिससे कुछ काम की ग्रामीणों को जानकारी हो सके सचिव ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर झाड़ा अपना पल्ला ग्राम पंचायत में कार्य के अमियता की ग्रामीणों ने जांच करने की किया मांग ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में सिर्फ कागज पर हुआ है काम नरेगा में हुआ है जमकर घोटालेबाजी जब खुली बैठक ही नहीं करवाया जा रहा है सही से तब कैसे होगा ग्राम पंचायत का विकास किसी भी ग्रामीणों को कोई कार्य कोई धन की नहीं है जानकारी इस संबंध में सचिव मनोज गौतम से बात किया गया तो सचिव ने बताया कि पंचायत भवन पर कोई लिस्ट चिपकाने की आवश्यकता नहीं है हर काम पोर्टल पर मौजूद है लोग अपना पोर्टल पर देख लेते हैं और खुली बैठक का फोटो वीडियो अपलोड है।

## स्वदेशी जागरण मंच की बैठक हुई संपन्न

● **स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में आत्मनिर्भर भारत पर मंथन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर,** मुन्दीपुर में स्थित नैनागढ़ पैलेस में स्वदेशी जागरण मंच की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वदेशी विचारधारा के प्रचार-प्रसार, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा स्वावलंबन आधारित आर्थिक व्यवस्था को सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए स्वदेशी वस्तुओं काअधिकाधिक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर बल दिया। प्रांतीय संगठक कृपाशंकर ने कहा कि स्वदेशी राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भरता का आधार है। प्रांतीय संयोजक डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने स्वदेशी आंदोलन के इतिहास और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने स्वदेशी के विचार को गांव-




गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं सुनील सिंह कुशवाहा और रामबालक त्रिपाठी , काजी धर्म गुरु हसीन हबीबो ने स्थानीय उद्योगों और रोजगार सृजन में स्वदेशी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।बैठक की अध्यक्षता विभाग संयोजक कृष्ण कुमार सिंह ने की तथा संचालन भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक संतोष शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार पांडेय, विजय नारायण सिंह, रणवीर प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, प्रभाकर त्रिपाठी, ज्ञानधर शुक्ला, दीपू दमन सिंह, ग्राम प्रधान धीरज, मनोज त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, शीथलेश्वर पाठक, रुपेश कुमार पांडेय, गोपीनाथ मिश्रा,राजन दुवे अभय राज मिश्रा, रतन पाडेय, राजेश मौर्या, उमेश चन्द्र पांडेय, ताड़केश्वर मिश्रा, मनोज कुमार सिंह,जितेंद्र गुप्ता, भूपेश पांडेय, चंद्रशेखर पांडेय, मिंटू त्रिपाठी, दादे पाल विवेक राज, नागेन्द्र पटेल, अनिल पटेल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बेलन बरौधा के सचिव के द्वारा आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाने पर नाराज पीड़ित

**शिकायतकर्ता ने ब्लॉक पर बैठे कर्मचारियों के ऊपर लगाए गंभीर रूप।**

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत बेलन बरौधा मे सचिव आशीष यादव के द्वारा आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण करने पर पीड़ित ने ब्लॉक पर बैठे कर्मचारियों के उपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जब ब्लॉक पर ही घूसखोर कर्मचारी बैठे हैं तो शिकायत होती रहेगी और विद्वान सेक्रेटरी यादव जी द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग होती रहेगी सरकार की छवि खराब करने वाले नहीं चाहते हैं कि प्रदेश में भाजपा सरकार रहे इसलिए इन पर ध्यान रखने की जरूरत है साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बेलन बरौधा मे आधा अधूरा पड़ा है कार्य कार्य की शिकायत करने पर फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है एक भी कार्य का नहीं जांच कराया जाता गया 5 वर्ष बीत गया आधा अधूरा ग्राम पंचायत में कार्य पड़ा हुआ है जिसकी शिकायत लगातार किया जाता है शिकायत पर एक भी नहीं होता कार्यवाही जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में चल रहा है रामराज लट कसूट का खेल जब से ग्राम पंचायत में सेक्रेटरी आशीष यादव आए हैं तब से हुआ है ज्यादा भ्रष्टाचार जांच की मांग।


## संक्षिप्त खबरें

### पंखे के चुल्ले से लटक कर युवक ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के कांशी राम कालोनी में बुधवार को एक युवक कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले में साड़ी का फंदा लगाकर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी निवासी विशाल यादव (32) वर्षीय पुत्र स्व.अशोक लाल बेरोजगार था। वह दिन भर इधर- उधर घूमता टहलता रहता था। उसकी मां मजदूरी करती है। विशाल पैसे के लिए अक्सर अपनी मां झगड़ा करता था। बुधवार को उसकी मां रन्नो देवी काम पर चली गई। बहन ज्योति भी किसी काम से कहीं चली गई। वापस लौटने पर देखा, तो कमरा अंदर से बंद था। खटखटाने पर जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तो खिड़की से झांक कर देखा गया, तो उसका शव कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले में साड़ी के सहारे लटक रहा था। यह देखकर परिवार के लोग रोना- पीटना शुरू कर दिए। दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना फौरन नैनी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। काशीराम चौकी इंचार्ज ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

### मुंडीचक मोहल्ले में जल जमाव से जनजीवन प्रभावित

**आवागमन में हो रही भारी परेशानी।**



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के मुंडीचक मोहल्ले में लंबे समय से जल जमाव की समस्या के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर पानी भरे रहने से लोगों का आवागमन बाधित हो गया है और राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मोहल्लेवासियों के लिए इस मार्ग पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या की शिकायत कई बार क्षेत्रीय पार्षद और संबंधित अधिकारियों से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मोहल्ले की बदहाल सड़कें और जलमग्न क्षेत्र हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि जल जमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गो और महिलाओं को आने-जाने में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### थरवई पुलिस को सफलताः लूट की स्कूटी, तमंचा व कारतूस के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**प्रयागराज।** थाना थरवई पुलिस ने लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे एवं निशानदेही पर लूटी गई स्कूटी के साथ एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस .315 बोर भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना थरवई में दर्ज मुकदमा संख्या 134/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त राज पासी पुत्र सन्तराम सरोज, निवासी ग्राम कसारी कौड़िहार, थाना नवाबगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना थरवई पुलिस टीम ने मंगलवार 10 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के मुर्दहिया पुलिया के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी और पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर मुकदमे से संबंधित लूटी गई स्कूटी बरामद की गई। इसके अलावा उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर भी बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शस्त्र संबंधी धाराओं को भी मुकदमे में शामिल किया है।

# अदिति यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्टिंग

**● विरोध में ज्ञापन, कार्रवाई की मांग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुनील कुमार सरोज (एडवोकेट) के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज को सौंपकर सोशल मीडिया पर कथित रूप से की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों और फोटो प्रसारण के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव की तस्वीरों का सोशल मीडिया पर कथित रूप से गलत तरीके से उपयोग कर अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणियां की जा रही हैं। इससे न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंच रही है, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे कृत्य समाज में गलत संदेश देने के साथ-साथ महिलाओं के खिलाफ ऑनलाइन उत्पीड़न को बढ़ावा देते हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध साइबर अपराध और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में साइबर क्राइम प्रकोष्ठ को भी प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। समाजवादी अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी महिला के सम्मान के साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है और कानून के दायरे में रहकर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

## शाम होते ही बिजली की कटौती चरम पर, मोहल्लेवासी परेशान

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के एफ.सी.आई रोड, चाका नई बस्ती, मुंडीचक, चक लाल मोहम्मद, ईसाई बस्ती मोहल्ले में शाम होते ही बिजली की जबरदस्त कटौती शुरू हो जाती है। शाम के वक्त बिजली की जबरदस्त कटौती किए जाने से क्षेत्र की जनता काफी आजिज आ चुकी है। बताया जाता है, कि मामा भांजा के तालाब पावर हाउस से क्षेत्र के एफ.सी.आई रोड, चाका नई बस्ती, चकलाल मोहम्मद, ईसाई बस्ती, मुंडी चक, चाका, चकराना तिवारी, रामसागर, मामा भांजा का तालाब, धनुहा, नेवती आदि कई मोहल्ले में बिजली की सप्लाई की जाती है।

इस फीडर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शाम होते ही बिजली की जबरदस्त कटौती शुरू कर दी जाती है। और यह सिलसिला देर रात तक जारी रहता है। पूछे जाने पर पावर हाउस पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा असंतोष जनक उत्तर दिया जाता है। शाम के वक्त बिजली की कटौती किए जाने से दुकानदारों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

## माण्डा पुलिस में 8227 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम पाउडर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**माण्डा/प्रयागराज।** माण्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 227 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम नशीला पाउडर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत माण्डा थाना पुलिस क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 227 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम नशीला पाउडर बरामद हुआ।

पूछताछ में दोनों अभियुक्त संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर सील कर दिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार अभियुक्त क्षेत्र में नशीले पदार्थों की आपूर्ति से जुड़े हो सकते हैं। इस संबंध में उनसे गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस तस्करी से जुड़े संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## थरवई में भैंस चराने निकले दूधिया की हत्या, नाले किनारे झाड़ियों में मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**थरवई/प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र में भैंस चराने निकले एक दूधिया की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह उसका शव गांव के बाहर नाले के किनारे झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पूरे चंदा पाल बस्ती निवासी 55 वर्षीय राम गोपाल पाल मंगलवार दोपहर करीब 12:40 बजे भैंस चराने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई।

परिवार के लोगों ने आसपास के क्षेत्रों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह परिजन और ग्रामीण दोबारा उनकी खोजबीन में जुटे। इसी दौरान गांव के बाहर नाले के पास झाड़ियों में राम गोपाल पाल का शव पड़ा मिला। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थरवई पुलिस मौके पर पहुंच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान थे। उनके मुंह और नाक से खून निकल रहा था, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक राम गोपाल पाल दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह छह भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार में तीन पुत्र राम बाबू, संजय और महेंद्र हैं, जबकि एक बेटी की शादी हो चुकी है। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घटना की सूचना पर एसीपी थरवई अरुण पराशर तथा थाना प्रभारी संतोष पांडेय



भी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही मृतक की गतिविधियों, आपसी रंजिश और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। एसीपी अरुण पराशर ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी और उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पति की दूसरी शादी के आरोप में विवाहिता पानी की टंकी पर चढ़ी

**● दो घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सैदाबाद (प्रयागराज)।** सैदाबाद क्षेत्र के निमहरा गांव में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विवाहिता अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद महिला को कार्रवाई का आश्वासन देकर सुरक्षित नीचे उतारा गया।


जानकारी के अनुसार, निमहरा निवासी ऋतु भारती ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। महिला का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिला। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति दूसरी शादी की तैयारी कर रहा है, जबकि उनका वैवाहिक संबंध अभी कानूनी रूप से समाप्त नहीं हुआ है। महिला ने बताया कि वह लंबे समय से न्याय की मांग कर रही है, लेकिन उसकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर उसने विरोध स्वरूप पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से बातचीत शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायत की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। काफी मशक्कत और समझाइश के बाद महिला टंकी से नीचे उतरने के लिए तैयार हुई।



महिला के सुरक्षित नीचे उतरने के बाद पुलिस उसे थाने ले गई, जहां उसकी शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम को देखते रहे। करीब दो घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## शव रखकर परिजनों का हंगामा, युवक की मौत पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** खोड़ारे थाना क्षेत्र के महाराजगंज ग्रंट स्थित लोहार पुरवा में 28 वर्षीय युवक प्रमोद वर्मा की मौत के बाद मामला गरमा गया है। मृतक के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाने-बुझाने में जुटी रही।परिजनों का आरोप है कि गांव के राहुल यादव, विजय यादव सहित अन्य लोगों ने करीब ढाई लाख रुपये के लेन-देन को लेकर बीते 14 मई को प्रमोद वर्मा के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि इसके बाद 4 जून को भी जब प्रमोद घर वापस लौट रहा था, तब आरोपियों ने उसे रोककर दोबारा मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। परिजनों का कहना है कि लगातार हुई मारपीट और मानसिक सदमे के कारण प्रमोद की तबीयत बिगड़ती गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, मुकदमे में हत्या की धारा 302 बढ़ाए जाने तथा आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।घटना की सूचना मिलते ही खोड़ारे पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें निष्पक्ष जांच और विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस संबंध में खोड़ारे थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस परिजनों को शांतिपूर्ण ढंग से समझाने का प्रयास कर रही है ताकि युवक का अंतिम संस्कार कराया जा सके। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है तथा पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है। मामले की जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

## अधिवक्ता जागृति शुक्ला मौत मामले की होगी न्यायिक जांच

**● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया आदेश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता जागृति शुक्ला की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने का आदेश दिया है। 20 मई को जागृति शुक्ला सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। उन्हें उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया गया था। आरोप है कि इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टरों ने इलाज में लेट लतीफी और मनमानी की। इसके कारण अधिवक्ता की हालत और खराब हो गई।

उन्हें पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया था, लेकिन बचाया नहीं जा सका। घटना बाद काफी बवाल बढ़ गया। अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया और चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता जागृति शुक्ला की मौत मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता ओमर जामिन की ओर से दाखिल पीआईएल पर जस्टिस सलिल कुमार राय और जस्टिस स्वरूप कुमार चतुर्वेदी की डबल बेंच ने सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया।

हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल करने वाले अधिवक्ता ने कोर्ट में तर्क दिया कि 20 मई को अधिवक्ता जागृति शुक्ला इंदिरा गांधी चौराहे के पास सड़क हादसे में घायल हो गई। साथी महिला अधिवक्ता और अन्य लोग उन्हें लेकर एसआरएन अस्पताल पहुंचे। यहां पर इमरजेंसी में तैनात जूनियर डॉक्टर सोते मिला। जगाने पर उन लोगों ने घायल जागृति शुक्ला के साथ आए लोगों के साथ मारपीट की और उन्हें अपमानित किया। जागृति शुक्ला के उपचार में चार घंटे की देरी की गई। जिससे कारण उनकी स्थिति काफी नाजुक हो गई। उन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाया गया लेकिन हालत में सुधार न होने पर उन्हें पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान आठ जून को उनकी मौत हो गई। यह भी आरोप है कि इस मामले में चिकित्सकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ठीक से विवेचना नहीं कर रही थी। जिसके कारण पीआईएल दाखिल करनी पड़ी।

## पंजीकरण शिविर में 50 मछुआरों और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हितधारकों का हुआ पंजीकरण

**बरहज, देवरिया।** स्थानीय विकास खंड स्थित कपरवार में बुधवार को आयोजित पंजीकरण शिविर में 50 मछुआरों और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हितधारकों का राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीकरण किया गया। शिविर का आयोजन मत्स्य विभाग देवरिया के तत्वावधान में बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड कपरवार व बरहज के सहयोग से किया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत आयोजित इस शिविर में मछली पालन, झींगा पालन, मछली विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों और मछुआरा समूहों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। मत्स्य निरीक्षक अधिकारी रितेश शाही ने कहा कि पोर्टल का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़कर मजबूत बनाना है। समिति के चेयरमैन जितेंद्र भारत ने बताया कि एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण से मत्स्य पालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से आसानी से मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मछुआ समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता, कोशिकाओं की रक्षा करेगा नीला प्रोटीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के खिलाफ नीले-हरे रंग का शैवाल नया हथियार बन सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के विज्ञानियों ने नीले-हरे शैवाल यानी सायनोबैक्टीरिया से एक ऐसा प्रोटीन खोजा है, जिसमें एचआईवी के खिलाफ अगली बड़ी जीत का सूत्र छिपा है। यह 'नीला प्रोटीन' एचआईवी वायरस की गतिविधियों को कमजोर करने की क्षमता रखता है। यह अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट के हालिया अंक में प्रकाशित हुआ है। प्रो. अमित दुबे के नेतृत्व में ईश्वर शरण कालेज की शोधकर्ता आयशा तुफैल व मनीष कुमार और दक्षिण अफ्रीका के यूनिवर्सिटी ऑफ फ्री स्टेट के डॉ. कृष्णन आनंद ने किया। चेन्नई स्थित सविथा मेडिकल कॉलेज में नैनो माइक्रो बायोलाजिस्ट प्रो. अमित दुबे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं।

आधुनिक दवाओं ने एचआइवी वायरस की रफ्तार जरूर कम की है, लेकिन वायरस लगातार अपने रूप बदलता रहता है। यही वजह है कि विज्ञानी नई-नई रणनीतियों की तलाश में जुटे रहते हैं। अब इस तलाश में एक नया नाम जुड़ गया है एलोफाइकोसायनिन (एपीसी)। यह एक प्राकृतिक नीला प्रोटीन है, जो नीले-हरे शैवाल यानी सायनोबैक्टीरिया में पाया जाता है। डॉ. अमित बताते हैं कि तालाब या झील में पाए जाने वाले नीले-हरे शैवाल में मिलने वाले इस खास प्रोटीन को कोशिकाओं को नुकसान से बचाने वाले एंटीआक्सीडेंट गुणों पाए जाते हैं पर शोध में इसके एंटीवायरल गुणों का पता चला है।

यह प्रोटीन एचआईवी वायरस के उन हिस्सों से चिपक जाता है, जिनकी मदद से वायरस शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं पर हमला करता है। आसान शब्दों में कहें तो यह ऐसे है जैसे किसी चोर के घर में घुसने से पहले ही उसके औजारों को बेकार कर दिया जाए।

**वायरस की मशीनरी पर सीधा असर**

अत्याधुनिक कंप्यूटेशनल मॉडलिंग, प्रोटीन डाकिंग, मालिक्यूलर डायनेमिक्स सिमुलेशन और प्रयोगशाला परीक्षणों के जरिए किए गए अध्ययन में पता चला कि एपीसी, एचआईवी के प्रमुख प्रोटीन जीपी-120 से मजबूती से जुड़ जाता है। यही प्रोटीन वायरस को मानव प्रतिरक्षा कोशिकाओं में प्रवेश दिलाने का काम करता है।

यही प्रोटीन वायरस को मानव प्रतिरक्षा कोशिकाओं में प्रवेश दिलाने का काम करता है। यही नहीं एपीसी वायरस की नई प्रतियां तैयार करने के लिए जरूरी दो महत्वपूर्ण एंजाइमों की गतिविधियों को भी प्रभावित किया। इससे संक्रमित कोशिकाओं में वायरस से जुड़े प्रोटीनों की मात्रा कम दिखाई दी। इससे वायरस की रफ्तार धीमी पड़ती गई। अध्ययन में पाया गया कि नीला प्रोटीन एक तरफ वायरस को कमजोर करता है और दूसरी तरफ शरीर की कोशिकाओं के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखता है।

**तीन चरणों में हुआ शोध**

डॉ. अमित दुबे बताते हैं कि इस शोध में प्रयोगशाला और कंप्यूटेशनल स्तर पर काम किया गया है। एचआईवी-1 के तीन प्रमुख प्रोटीनों (जीपी-120, प्रोटीएज और रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेज) के साथ एपीसी के संपर्क का अध्ययन किया गया। प्रयोगशाला में प्रोटीन स्तर पर और संक्रमित कोशिकाओं पर परीक्षण हुआ है। शोधकर्ता के अनुसार अगले चरण में इसका एनिमल माडल और फिर मानवों पर परीक्षण होगा।

## फिर खनकेंगी रसोई में करछियाँ, बुंदेली शेफ सीज़न 4 का काउंटडाउन शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**प्रयागराज।** इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएँ अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफ सीज़न 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। पिछले तीन सीज़न्स में अनगिनत सपनों को पहचान देने वाला यह मंच अब अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ रहा है और इसके साथ ही सम्पूर्ण बुंदेलखंड में स्वाद, हुनर और आत्मविश्वास की नई हलचल महसूस की जा सकती है। बुंदेलखंड 24×7 द्वारा आयोजित इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा। उपरोक्त ऑडिशन राउंड्स में बुंदेलखंड की महिला प्रतिभाएँ अपनी सबसे खास रेसिपीज़ और अनूठे स्वाद का जादू बिखेरेंगी। इन पड़ावों से गुजरकर 15 प्रतिभागी जुलाई के अंतिम सप्ताह में होने वाले क्वार्टर फाइनल तक पहुँचेंगी, जहाँ मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा। इसके बाद अगस्त के पहले सप्ताह में सेमी फाइनल का रोमांच देखने को मिलेगा, जिसमें 8 चयनित प्रतिभागियों के साथ 3 वाइल्ड कार्ड एंट्री भी अपनी किस्मत आजमाएँगी। और फिर अगस्त के अंत में होने वाले भव्य ग्रैंड फिनाले में 5 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों के बीच बुंदेली शेफ सीज़न 4 का ताज हासिल करने जंग होगी।

बुंदेलखंड 24×7 के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, 'जब कोई महिला अपनी पसंदीदा डिश बनाती है, तो उसमें सिर्फ मसालें नहीं, बल्कि अपने अनुभव, अपने संस्कार और अपने ममत्व का मिश्रण भी घोलती है। 'बुंदेली शेफ' उन्हीं भावनाओं को सम्मान देने का मंच है। पिछले तीन सीज़न्स में हमने देखा है कि इस प्रतियोगिता ने सिर्फ विजेता नहीं दिए, बल्कि आत्मविश्वास से भरी ऐसी कहानियाँ दी हैं, जिन्होंने पूरे बुंदेलखंड को प्रेरित किया है। सीज़न 4 में भी हम ऐसे ही नए चेहरों की तलाश में हैं, जिनके हाथों का स्वाद और जिनके सपनों की उड़ान दूर तक जाए। '

पिछले तीन सीज़न्स ने यह साबित किया है कि कभी-कभी पहचान की शुरुआत रसोई से भी होती है। जिन हाथों ने वर्षों तक परिवार के लिए प्रेम से भोजन बनाया, उन्हीं हाथों ने




इस मंच पर आकर अपनी अलग पहचान भी बनाई। शमिता सिंह, ज़हीदा परवीन और शाजिदा अमीर इसकी सबसे खूबसूरत मिसाल हैं। कभी प्रतियोगी के रूप में मंच पर खड़ी ये महिलाएँ आज उन सैकड़ों प्रतिभागियों की प्रेरणा बन चुकी हैं, जो अपने हुनर को घर की चौखट से निकालकर एक बड़े मंच तक ले जाना चाहती हैं। असली बात यह है कि 'बुंदेली शेफ' अब सिर्फ एक कुकिंग प्रतियोगिता नहीं रह गया है। यह उस विश्वास का नाम बन चुका है, जो कहता है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या बड़े मंच की मोहताज नहीं होती। कभी किसी छोटे-से गाँव की रसोई से उठने वाली खुशबू भी सम्पूर्ण बुंदेलखंड की पहचान बन सकती है। शायद यही वजह है कि सीज़न 4 की शुरुआत के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्सुकता और इंतजार का स्वाद एक बार फिर घुलने लगा है।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें होटल संचालक- जिला अग्निशमन पदाधिकारी



**बेतिया।** जिला अग्निशमन अधिकारी मनीष कुमार, पश्चिम चंपारण (बेतिया) एवं अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी संजय कुमार, बेतिया, द्वारा 10जून, बुधवार को अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेष कर शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं होटलों में अग्नि सुरक्षा नियमों एवं प्रबंधों अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही संस्थानों में लगे अग्निशमन उपकरणों एवं यंत्रों को प्रयोग करने हेतु जानकारी देते हुए मॉक ड्रिल किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, जनप्रतिनिधि, जीविका दीदी आदि के साथ बैठक कर आमजनों को आग से बचाव हेतु जाकारी दी गई। बता दे कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निकांड होने पर आमजनों की सुविधा हेतु जगह - जगह पर वाल पेंटिंग (आग लगने पर कॉल करने हेतु) नंबर 101/112 पेंटिंग भी कराई गई, जिसे आम व्यक्ति सहित अग्नि पीड़ित सीधे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 132 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 9 जून को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 132 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। प्रखंड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से साहियाओं के साथ पहुंची महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सक डॉ. मंजर आलम एवं डॉ. श्राफ द्वारा किया गया। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप तथा आयरन स्तर की जांच की गई। आवश्यकता के अनुसार उन्हें दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने महिलाओं को भारी कार्य करने से बचने, नियमित रूप से हल्के घरेलू कार्य करने तथा शारीरिक रूप से सक्रिय रहने की सलाह दी। साथ ही पौष्टिक आहार, मौसमी फल एवं हरी सब्जियों के सेवन पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर तकनीशियन निगेश प्रसाद, अटल प्रसाद, शैलेन्द्र सोरेन, अलखनिरंजन प्रसाद, राजकुमार, प्रभात दास सहित नर्सों एवं अन्य मेडिकल स्टाफ ने जांच कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। चिकित्सकों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती है। यदि कोई महिला निर्धारित तिथि पर नहीं पहुंच पाती है, तो वह माह के अंतिम बुधवार को केंद्र में आकर अपना परीक्षण करा सकती है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान हो जाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में काफी सहायता मिलती है।

### मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद दंपति ने थामा एक दूसरे के हाथ

पाकुड़, झारखंडः- पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय में चल रहे ओरिजनल सूट संख्या 62/2026 का आज प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक के प्रयास से दंपतियों के बीच दूरियों को समाप्त किया गया। दंपतियों के बीच चल रहे मतभेद को सुलह समझौते के आधार पर खत्म किया गया। दोनों पति पत्नी एक साथ रहने को राजी हुए। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक ने दोनों को मिलजुलकर एक दूसरे को खुश रखते हुए खुशी खुशी रहने को कहा। इस दौरान दंपतियों को हंसी खुशी न्यायालय से विदा की गई। इस मेल मिलाप में दोनों पक्षों के अधिवक्ता अब्दुल हन्नान एवं मो शहनवाज का सराहनीय भूमिका रही। मौके पर न्यायालय कर्मी, दोनों पक्षों के परिजन पैरा लीगल वॉलिंटियर्स नीरज कुमार राउत उपस्थित थे।


# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 39 करोड़ 14 लाख 53 हजार 200 राशि हस्तांतरित

● पश्चिम चम्पारण के 3,33,195 पेंशनधारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि प्राप्त।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पेंशनधारियों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज माननीय मुख्यमंत्री बिहार, सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के पेंशनधारी लाभुकों के खातों में डीबीटी के जरिए मासिक पेंशन राशि का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के लाभुकों के खातों में प्रति माह 1100 रुपये की दर से पेंशन राशि भेजी गई।

पश्चिम चम्पारण जिले में इस कार्यक्रम के तहत 3,33,195 पेंशनधारी लाभुकों के खातों में कुल 39 करोड़ 14 लाख 53 हजार 200 रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण होने से लाभुकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभागार, बेतिया में किया गया, जहां बड़ी संख्या में पेंशनधारी एवं अन्य लाभुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और लाभुकों से संवाद किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने सभी पेंशनधारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार सरकार समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं असहाय महिलाओं के लिए सम्मानजनक जीवनयापन का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है कि सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे।





उन्होंने लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुविधा के लिए राज्य सरकार द्वारा सहयोग पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। सहयोग पोर्टल के माध्यम से पेंशन, आवास, शौचालय, म्यूटेशन, परिमार्जन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सहज एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिले के 06 लाभुक दंपतियों को भी लाभान्वित किया गया। लाभुक दंपतियों को योजना के तहत एक लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने सभी लाभुक दंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरजातीय विवाह सामाजिक समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नवदंपतियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभुकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग विकास कुमार, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती कविता रानी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# भंडरा में नशेड़ियों की अब खैर नहीं



● बेटी देने से पहले लड़के की होगी पूरी तहकीकात : अंजुमन इस्लामिया भंडारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोहरदगा , झारखण्डः-** लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमिटी भंडरा ने नशा के खिलाफ बड़ा सामाजिक अभियान शुरू करते हुए विवाह संबंधों में भी सख्ती बरतने का फैसला लिया है। कमिटी ने स्पष्ट कहा है कि अब किसी भी परिवार को अपनी बेटी का रिश्ता तय करने से पहले लड़के के चरित्र, व्यवहार और नशे से जुड़े मामलों की पूरी जांच-पड़ताल करनी होगी। प्रखंड सदर आफताब आलम ने कहा कि समाज में बढ़ती नशाखोरी कई परिवारों को बर्बादी की ओर धकेल रही है। ऐसे में केवल नौकरी, पैसा या दिखावा देखकर रिश्ता तय करना उचित नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि शादी से पहले गांव और समाज के जिम्मेदार लोगों से जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करें कि लड़का शराब, जुआ या अन्य नशे की लत से दूर हो।

कमिटी ने कहा कि कई मामलों में नशे की वजह से परिवार टूट रहे हैं और बेटियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसी को देखते हुए अब रिश्ते से पहले सामाजिक स्तर पर तहकीकात को जरूरी माना जाएगा। अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। भुजनिया और उदरंगी क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भी इस पहल का समर्थन किया है। कमिटी का कहना है कि यह सिर्फ एक संगठन का फैसला नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित और मजबूत बनाने की दिशा में सामूहिक पहल है। लोगों से अपील की गई है कि नशे जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और युवाओं को सही दिशा देने में सहयोग करें।

# पार्टी पदाधिकारी जदयू संगठन को बूथ व पंचायत स्तर पर करे मजबूत- प्रमोद पटेल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज (बिहार)-** जनता दल यूनाइटेड कैम्प कार्यालय में जनता दल (यूथ) जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने जिले में पार्टी संगठन विस्तार अभियान के तहत प्रखंड/ नगर/एंव नगर पंचायतो में प्रखंड कमिटी, नगर कमेटी, एंव नगर पंचायत कमेटी में पार्टी के समर्पित, अनुशासित और पार्टी के संविधान और पार्टी के माननीय नेता राष्टीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार में आस्था विश्वास रखने वाले कार्यकर्ताओं को जोड़ने का निर्देश दिया है! वहीं जिला अध्यक्ष ने पंचायत अध्यक्षों एवं वार्ड अध्यक्षों के चयन में जातीय समीकरण का ख्याल रखने और जुझार साथियों को मनोनीत करने पर जोर दिया, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विधायक माननीय श्री उमेश सिंह कुशवाहा के दिशा निर्देश पर विजयपुर, कटेया, भोरे, कुचायकोट, पचदेवरी, थावे, गोपालगंज सदर, माझा, बरौली, सिधवलिया, उच्चकागाँव, बैकुंठपुर एवं बरौली नगर में प्रखंड एवं नगर कमेटी के साथ-साथ पंचायत एवं वार्ड अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है! आज जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल जी को कई अध्यक्षों ने नव गठित प्रखण्ड कमिटी, नगर कमिटी एवं पंचायत अध्यक्षों की सूची सौपी, इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राम आशीष सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता, मोश्व तौहीद, धर्मराज प्रसाद सिंह, लालबाबू राम, एजाज आलम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे!

### सुरियावां राज्य कर विभाग के निर्देश पर जी एस टी अधिकारियों ने की व्यापारियों के साथ बैठक कर किया संवाद



नगर पंचायत स्थित बी पी एम जी पब्लिक स्कूल परिसर में सहायक आयुक्त राज्य कर खंड दो अभय सिंह के नेतृत्व में बायपारियों एवं अधिकारियों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जी एस टी को लेकर अधिकारियों से व्यापारियों ने प्रश्नों के माध्यम से समाधान की जानकारी पूछी वही अधिकारियों ने उन्हें बारीकी से जी एस टी के विषय में समझाया और अधिकरियों ने रिटर्न,ई वी बील, जी एस टी पंजीकरण के बारे में जानकारी दी और राज्य कर अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहां इस तरह से कार्यक्रम अयोजन होने से अधिकरियों एवं व्यापारियों में सम्बन्ध बना रहता है इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया, अवधेश उमर, शेषधर गुप्ता, विकास जायसवाल, अश्वनी साहू, वरिष्ठ एकाउंटेंट, शेषमणि यादव, रवि जायसवाल, सतीश विश्कर्मा, आशीष उपाध्याय, महेंद्र जायसवाल, प्रवीण कुमार चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# बेतिया में लॉन्च हुआ 'रिबैलेंस हाइड्रा फिट' एनर्जी सप्लीमेंट, डॉ. रेड्डीज और नेस्ले के संयुक्त प्रयास से तैयार उत्पाद पर विशेषज्ञों ने जताया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** 10 जून, बुधवार को नगर के हरिवाटिका चौक, सरिसवा रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार भवन में 'रिबैलेंस हाइड्रा फिट' हेल्दी एनर्जी सप्लीमेंट का भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों सहित बेतिया और नरकटियागंज अनुमंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में होलसेलर एवं रिटेलर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी के नेशनल हेड संजय नायर, आरएसएम अमित कुमार सिंह, एएसएम अंगद ओझा तथा टीएसई अमित कुमार ने उत्पाद से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों को उत्पाद की विशेषताओं, गुणवत्ता और बाजार में इसकी संभावनाओं से अवगत कराया गया। नेशनल हेड संजय नायर ने बताया कि 'रिबैलेंस हाइड्रा फिट' एक हेल्दी एनर्जी सप्लीमेंट है, जिसे डॉ. रेड्डीज और नेस्ले के संयुक्त उपक्रम के तहत तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्पाद में टॉरिन, सेलेनियम, जिंक, विटामिन-सी एवं अमीनो एसिड जैसे पोषक तत्व शामिल किए गए हैं, जो इसे अन्य





उत्पादों से अलग बनाते हैं। उन्होंने दावा किया कि बाजार में इस उत्पाद को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और आने वाले समय में यह पूरे बिहार सहित देशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

वहीं, बेतिया के टीएसई अमित कुमार ने बताया कि इस उत्पाद के प्रत्येक टेट्रा पैक में 100 किलो कैलोरी ऊर्जा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसकी कीमत बाजार में उपलब्ध अन्य सप्लीमेंट्स की तुलना में कुछ अधिक है और इसका प्रति पैक मूल्य 45 रुपये निर्धारित किया गया है, लेकिन इसके स्वाद और गुणवत्ता को लेकर ग्राहकों से बेहतर प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लॉन्चिंग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में होलसेलर और रिटेलर एक मंच पर उपस्थित हुए, उससे उत्पाद की संभावनाएं और अधिक मजबूत होती दिख रही हैं।

कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी कार्तिक कुमार मिश्रा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और व्यस्त जीवनशैली के बीच लोग स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखने के विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे में यह उत्पाद लोगों के बीच एक बेहतर विकल्प के रूप में स्थापित हो सकता है। उन्होंने कहा कि बेतिया में इस उत्पाद की लॉन्चिंग उपभोक्ताओं के लिए एक नया विकल्प लेकर आई है। लॉन्चिंग समारोह के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने व्यापारियों से उत्पाद को आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की और विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में 'रिबैलेंस हाइड्रा फिट' बाजार में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। कार्यक्रम में बेतिया एवं नरकटियागंज क्षेत्र के कई प्रमुख होलसेलर, रिटेलर एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: जिलाधिकारी

● पुलिस लाइन बैरक, संस्कृत महाविद्यालय एवं साइबर थाना निर्माण कार्यों का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

● समयबद्ध एवं मानक अनुरूप कार्य पूर्ण करें कार्यदायी संस्थाएं, अन्यथा होगी जवाबदेही तय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोहीः-**जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन 100 बैरक क्षमता वाले पुरुष भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन में पेंटिंग कार्य अधूरा पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि पेंटिंग सहित शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही भवन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत अधिकारियों ने लगभग 6.66 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन काशीराज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, ज्ञानपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लगभग 3.31 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन साइबर थाना भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बोरवेल एवं पंप हाउस निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में और तेजी लाई जाए तथा प्रत्येक कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने साइबर थाना के निर्माणाधीन यूपी सिडको के पीएम अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनपद में संचालित सभी निर्माण परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने गठित तकनीकी टीमों को समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी निर्माण एजेंसी के कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमी अथवा लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित की जवाबदेही निर्धारित करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फेसबुक पोस्ट बनी मौत की वजह, चारधाम यात्रा पर निकले युवक की हत्या का हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के करसो पुल के समीप चारधाम यात्रा पर निकले हजारीबाग निवासी विक्की कुमार सोनी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मामले में मृतक के बहनोई समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने प्रेसवार्ता में बताया कि अपराधियों ने सोशल मीडिया पर साझा की गई यात्रा संबंधी जानकारी के आधार पर मृतक की रेकी की थी। जांच में सामने आया कि विक्की सोनी ने चारधाम यात्रा पर रवाना होने से पूर्व अपने फेसबुक अकाउंट पर यात्रा का टिकट और अन्य जानकारी साझा की थी। इसी पोस्ट के माध्यम से आरोपियों को उनकी गतिविधियों की जानकारी मिली और उन्होंने हत्या की साजिश रची।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने ट्रेन यात्रा के दौरान लगातार मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी। चंद्रपुरा पहुंचने के बाद वे बाइक से विक्की सोनी की तलाश में निकले और इचाक क्षेत्र से उनकी कार का पीछा करने लगे। करसो पुल के समीप कार का टायर पंक्चर होने पर आरोपियों ने मौका पाकर विक्की सोनी को गोली मार दी और फरार हो गए। हत्या के बाद फरार आरोपियों में से एक द्वारा बरही क्षेत्र में मोबाइल फोन चालू करने पर पुलिस को महत्वपूर्ण तकनीकी सुराग मिला। मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर पुलिस चंद्रपुरा पहुंची। वहीं मृतक के साथ यात्रा कर रहे उसके मित्र अभिषेक ने संदिग्ध की तस्वीर देखकर पहचान की पुष्टि की।

पुलिस ने गांव-गांव जाकर पूछताछ की। इसी दौरान एक महिला ने तस्वीर देखकर बताया कि संबंधित युवक पिछली रात गांव आया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने हत्या की बात स्वीकार कर ली। जांच में यह भी सामने आया कि मृतक विक्की सोनी और उसके बहनोई विक्रम कुमार के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद और आपसी तनाव चल रहा था। पुलिस के अनुसार, इसी रंजिश के कारण हत्या की साजिश रची गई। विक्रम कुमार ने अपने साथी दिलीप कुमार के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

गिरफ्तार आरोपी विक्रम कुमार (नवादा, बिहार) तथा दिलीप कुमार (गया, बिहार) के विरुद्ध पूर्व से चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट तथा मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल लोकेशन, सोशल मीडिया गतिविधियों तथा प्रत्यक्ष पहचान के आधार पर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# डीघ ब्लॉक का नाम जल्द होगा सीतामढ़ी, पर्यटन विकास को मिलेगी नई पहचानः कुंवर प्रमोद चन्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जंगीगंज।** पूर्व एमएलसी बाबू पारस नाथ मौर्या के पुत्र एवं भाजपा नेता कुंवर प्रमोद चन्द मौर्या ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एमएलसी हाउस जंगीगंज में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सरकार की नीतियों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

कुंवर प्रमोद चन्द ने बताया कि डीघ ब्लॉक का नाम सीतामढ़ी किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसके साथ ही सीतामढ़ी एवं सेमराध क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। बताया कि डेंगूरपुर का पुल भी जगत जननी मां सीता के नाम से ही होगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सहित विपक्षी दलों के नेताओं का 2047 तक सत्ता से दूर रहना तय



है।भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों तथा जनहितकारी योजनाओं के कारण जनता का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है, जिसका लाभ आगामी चुनावों में भी पार्टी को मिलेगा।

# उपासना मरांडी ने शिवरामपुर पंचायत के कई गांवों का किया दौरा, किया ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड अंतर्गत शिवरामपुर पंचायत के ग्राम धावाडांगाल, देवपुर, किरता एवं नयापाड़ा में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाज डोबोक् जोहार के साथ भव्य स्वागत ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीण बैठक में ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली, सड़क, आवास, राशन एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उपासना मरांडी के समक्ष रखा उपासना मरांडी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर कुछ समस्याओं का समाधान किया। कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रखा गया और निदान करने काआश्वासन दिया।उपासना मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा किसी भी समस्या की जानकारी समय-समय पर देने की अपील की।

ग्रामीणों ने उपासना मरांडी की सक्रियता और जनसरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रखंड सह सचिव अभिषेक कुमार सिंह उर्फ गोलक,बुदल यादव, मुन्ना प्यारेलाल मुर्मू,मोहनलाल टुडू सहित कई झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याएं उठी, सौंपा ज्ञापन

**कोंच (जालौन)**- भारतीय किसान यूनियन तहसील कोंच की मासिक पंचायत गल्ला मंडी में डॉ. केदारनाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह को सौंपा गया। पंचायत के दौरान भेंड़ में जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत टंकी बने लगभग तीन वर्ष हो गए हैं। घरों में पाइप फिटिंग भी हो गई है लेकिन अभी तक सप्लाई चालू नहीं की गई है। ग्राम बसोव से पिरौना मार्ग पर स्थित तालाब पर पसरे अतिक्रमण को हटाने, ग्राम पड़री में तालाब की साफ सफाई तथा जल निकासी की व्यवस्था कराने, नाले पर बनाए गए शौचालय के अब तक गड्ढे नहीं बन पाने, ग्राम दिरावटी सहकारी समिति पर बने गेहूं केंद्र पर हुई खरीद का अभी तक सिक्सआर नहीं दिए जाने, ग्राम सतोह का तालाब खुदवाने तथा आसपास बने मकानों में भरने वाले पानी को रोके जाने, ग्राम कुंवरपुरा में आंधी-तूफान से बाधित हुई विद्युत अपूर्ति बहाल कराने की की मांग की गई। इसके अलावा किसानों से 16 से 18 जून तक लगने वाले हरिद्वार शिविर में जाने के लिये 15 जून को उरई स्टेशन पर पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ. पीडी निरंजन सहित तमाम किसान मौजूद रहे।कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**कोंच(जालौन)**- कस्बे के मोहल्ला नया पटेल नगर स्थित एक कॉलोनी में कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के निर्माण कार्य के दौरान आम रास्ता और नाली क्षतिग्रस्त करने एवं पीआरबी पुलिस के सहयोग से दबंगई दिखाने को लेकर अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नया पटेल नगर निवासी अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव पुत्र स्व. सुरेशचंद्र ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ले में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अपने घरों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त लोगों द्वारा बिल्डिंग मैटेरियल वाहनों द्वारा ओवरलोड तरीके से मौके पर लाया जा रहा है जिससे आम रास्ता और पानी की निकासी के लिए बनी नालियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आसपास के घरों में पानी बैठ रहा है जिससे लोगों के घरों को नुकसान पहुंच रहा है। बीती 6 जून को उसने पीआरबी पुलिस को सूचना दी तो मौके पर आई पीआरबी पुलिस उल्टा उसे ही पाठ पढ़ाने लगी और उक्त लोगों के समर्थन में खड़ी हो गई। इतना ही नहीं उक्त लोग कार्यवाही से बचने के लिए झूठी शिकायतें भी कर रहे हैं। मामले को लेकर अधिवक्ता विकास ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र की प्रतिलिपि पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

## ललितपुर मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बुधवार को लगेगा दिव्यांगता प्रमाणपत्र बोर्ड

### दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र बनवाने के लिए अब नहीं करनी पड़ेगी लंबी प्रतीक्षा

**ललितपुर।** दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब दिव्यांगता प्रमाणपत्र (डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट) जारी करने के लिए प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से विकलांगता बोर्ड (डिसेबिलिटी बोर्ड) का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने अथवा संबंधित चिकित्सकीय परीक्षण कराने के इच्छुक आवेदकों को निर्धारित दिवस पर उपस्थित होकर अपनी जांच करानी होगी। यह बोर्ड प्रत्येक बुधवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। विकलांगता बोर्ड का आयोजन 300 शैय्या चिकित्सालय (300 बेड हॉस्पिटल) के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या-09 में किया जाएगा।

बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले आवेदकों को अपने आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेख साथ लाने होंगे, ताकि परीक्षण एवं प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था से जिले के दिव्यांगजनों को समयबद्ध तरीके से प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्हें प्रमाणपत्र बनवाने के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला ने जनसामान्य से अपील की है कि दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिन एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# सिद्दनपुरा में नई सीसी सड़क व नाली का लोकार्पण नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे विकास कार्यों के तहत वार्ड नंबर-01 स्थित मोहल्ला सिद्दनपुरा में नवनिर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण बुधवार को संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद सोनसिंह यादव ने विधिवत फीता काटकर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। यह सड़क एवं नाली निर्माण कार्य राहुल राय के मकान से सतीश चौबे के मकान होते हुए सकुन यादव के मकान तक कराया गया है। लंबे समय से क्षेत्रवासी बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था की मांग कर रहे थे। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, नाली और नाला निर्माण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और अन्य जनहितकारी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और अधिकारियों व कर्मचारियों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। नगर के प्रत्येक वार्ड को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोडना नगर पालिका परिषद की प्रतिबद्धता है और भविष्य में भी विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी। इस दौरान प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, बद्री कुशवाहा, गैराज प्रभारी अमित कुमार, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# ललितपुर में विटामिन-ए संपूरण अभियान का शुभारंभ

- एक माह तक बच्चों को दी जाएगी खुराक
- जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन
- 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केन्द्र में बुधवार को विटामिन-ए संपूरण अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा किया गया। अभियान का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना तथा उन्हें रतौंधी और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाना है। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह अभियान पूरे जनपद में एक माह तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को निशुल्क विटामिन-ए की खुराक उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह उनकी रोगों से लडने की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि 9 से 12 माह तक के बच्चों को आधा चम्मच (1 एमएल) तथा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरा चम्मच (2 एमएल) विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। अभियान संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं की सहायता से पात्र बच्चों की सूची पहले से तैयार कर ली गई है, जिससे कोई भी बच्चा लाभ से वंचित न रहे। डा.सौरभ ने बताया कि प्रदेश में यह कार्यक्रम वर्ष में दो बार, छह माह के अंतराल पर संचालित किया जाता है। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को कुल नौ निर्धारित खुराकें दी जाती हैं। विटामिन-ए एक वसा में घुलनशील पोषक तत्व है, जो बच्चों को रतौंधी और कुपोषण से बचाने में मदद करता है। इस दौरान सत्र स्थलों पर बच्चों का वजन भी किया जाएगा तथा अभिभावकों को विटामिन-ए के महत्व, स्तनपान और पूरक पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक्सपायरी तिथि की जांच, खुराक का सही मापन और अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मौके पर प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, आरआरटी जेएसआई सबा परवीन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है- एसडीएम

- इप्टा की कार्यशाला में बतौर अतिथि पहुंचे एसडीएम न्यायिक और प्रभारी तहसीलदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- कस्बा स्थित कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एवं भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा द्वारा आयोजित की जा रही कार्यशाला को बुधवार को सम्बोधित करते हुए एसडीएम न्यायिक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यशालाएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती है। कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। नाट्य गतिविधियों से बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित होती है। ऐसी कार्यशालाएं युवाओं में रचनात्मक सोच और सामाजिक चेतना का विकास करती हैं।

प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को नई पहचान देती हैं। कार्यशाला आयोजन के प्रयासों की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है जो कम संसाधनों में भी नगर की प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा रहा है।

इस तरह की कार्यशालाये बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है।। विभिन्न टीवी सीरियल एवं फिल्मों में कार्य कर चुके अभिनेता मानसिंह करामाती एवं अभिनेता संजू श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को अभिनय के विभिन्न गुर बताए। उन्होंने कहा कि अभिनय केवल संवाद बोलने की कला नहीं है बल्कि भाव, अभिव्यक्ति, शारीरिक भाषा और आत्मविश्वास का समन्वय है। एक अच्छा कलाकार अपने चरित्र को समझकर उसे पूरी संवेदनशीलता के साथ मंच पर जीवंत करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण ही अभिनय के क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। दोनों कलाकारों ने बच्चों और युवाओं को मंच के प्रति गंभीरता से जुड़ने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी। कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि निःशुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला का उद्देश्य नगर क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है जहां वह अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित कर सकें। प्रशिक्षक सानिया सलमानी द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला की व्यवस्थाओं में दानिश अहमद कैफ योगेंद्र सिंह योगी आदि संलग्न रहे।

# मलंगा पुल के अवैध कट पर पाइपों से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, टला बड़ा हादसा

- लंबे समय से खराब है पुल की हालत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)**- मुंसिफ कोर्ट के नजदीक स्थित मलंगा पुल के अवैध कट पर बुधवार सुबह लोहे के पाइपों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। गनीमत रही कि कोई राहगीर या वाहन उसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को एक किसान कस्बे से लोहे के पाइप खरीदकर उनको ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव ले जा रहा था। जैसे ही वह मलंगा पुल के अवैध कट के पास पहुंचा, सड़क में स्थित गहरे गड्ढों के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली में लदे लोहे के पाइप सड़क पर यहां वहां गिर गए। आसपास के लोगों की मदद से ट्रैक्टर मालिक ने जेसीबी मशीन के सहारे ट्रॉली को सीधा कराया और सड़क पर फैले पाइप हटवाए तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका। उक्त मलंगा पुल की हालत लंबे समय से खराब है। पुल की रेलिंग टूटी हुई है और सड़क जगह-जगह से धंस चुकी है। इसके अलावा पुल पर अवैध कट बना लिए गए हैं जिससे आए दिन हादसे की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हादसे होने के बावजूद संबंधित विभाग व्यवस्था सुधार हेतु ध्यान नहीं दे रहा है जिससे बड़ी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# नमामि गंगे योजना की खुदाई बनी मुसीबत डेढ़ माह से बदहाल सड़क पर फूटा मोहल्लावासियों का गुस्सा

- डोडाघाट तालापुरा में गड्ढों, कीचड़ और जलभराव से लोग परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** डोडाघाट तालाबपुरा स्थित ज्वाला मंदिर के पास गली में नमामि गंगे योजना के तहत कराए गए कार्यों की लापरवाही से स्थानीय नागरिकों का जीवन प्रभावित हो गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब डेढ़ माह पहले खोदी गई सड़क आज तक दुरुस्त नहीं कराई गई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नाराज नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है तथा समस्या का समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन और अनशन की चेतावनी दी है। मोहल्लावासियों के अनुसार 23 अप्रैल 2026 को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के लिए गली की सड़क खोदी गई थी। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बावजूद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप पूरी गली में गहरे गड्ढे, उखड़ी सड़क और मलबे के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आए दिन बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात शुरू होने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे कीचड़ और दुर्गंध फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्लावासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित सुपरवाइजर और ठेकेदार को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ठेकेदार ने उनकी बात सुनने के बजाय अभद्र व्यवहार किया और यह तक कह दिया कि जहां शिकायत करनी हो कर दो। इस रवैये से क्षेत्रीय लोगों में रोष और बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा तत्काल सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मोहल्लावासी सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र पर अंशुमन साहू, सुमित साहू, देवेन्द्र साहू, रूपेश साहू, राहुल विश्वकर्मा, आशीष साहू, रामगोपाल साहू, सुरेन्द्र, देवी, शुभांशु, खेमचंद, जगतराम, सुरेश कुमार, राजकुमार, हरगोविंद सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासियों के हस्ताक्षर हैं।

# आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात से खोंखरा गांव में भारी तबाही

- मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन
- सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त, पेड़ उखड़े, 50 से अधिक लोग घायल होने का दावा


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत कचनौदा अंतर्गत राजस्व ग्राम खोंखरा में 9 जून को आई बेमौसम आंधी, तेज बारिश, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी। प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मौके पर जांच टीम भेजने, पीड़ितों को मुआवजा दिलाने तथा घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार 9 जून की शाम लगभग 3.30 बजे अचानक तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और वज्रपात शुरू हो गया, जिससे गांव में व्यापक नुकसान हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण सैकड़ों मकानों की छतें उड़ गई, कई पेड़ धराशायी हो गए और लोगों की घरेलू संपत्ति को भी भारी क्षति पहुंची। ज्ञापन में दावा किया गया है कि आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 50 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से कई का उपचार जिला अस्पताल ललितपुर में चल रहा है, जबकि कुछ गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक मौके पर कोई प्रभावी सर्वेक्षण या राहत कार्य नहीं कराया गया है। इससे प्रभावित परिवारों में नाराजगी बनी हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि राजस्व एवं संबंधित विभागों की टीम भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाए। साथ ही जिन परिवारों के मकान, पशु या अन्य संपत्ति को क्षति पहुंची है, उन्हें शासन की ओर से निर्धारित मुआवजा दिलाया जाए। घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने तथा आपदा राहत मद से आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में शासन-प्रशासन को तत्काल राहत एवं पुनर्वास कार्य शुरू करना चाहिए ताकि प्रभावित परिवारों को सहायता मिल सके।

# निरीक्षण में प्राइवेट पैथोलॉजी संचालन से जुड़े प्रपत्र नहीं मिले, एसीएमओ ने 3 दिन का दिया अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)**- उप मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ अरविंद भूषण ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित कस्बे में संचालित प्राइवेट पैथॉलाजी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और अभिलेखों की जांच कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसीएमओ ने कस्बे में संचालित मां सिंहवाहिनी मल्टी स्पेशलिटी पैथोलॉजी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पैथोलॉजी संचालन से संबंधित आवश्यक अभिलेख एवं प्रपत्र मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसको लेकर एसीएमओ ने नाराजगी जताते हुए पैथोलॉजी संचालक को अगले तीन दिनों में संबंधित चिकित्सीय प्रपत्र, डिग्री/डिप्लोमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन शासन के निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप होना चाहिए। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल एसीएमओ के इस औचक निरीक्षण से निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई अवैध लकड़ी से भरे ट्रक और ट्रैक्टर पकड़े, आरोपियों पर मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** वन विभाग द्वारा अवैध वृक्ष कटान और अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वन विभाग की टीम ने तालबेहट एवं माताटीला रेंज में छापेमारी कर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी से भरे एक ट्रक और एक ट्रैक्टर को पकड़कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है। डीएफओ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 जून 2026 को तालबेहट रेंज क्षेत्र में अवैध कटान कर परिवहन की जा रही चिलबिल एवं गूंज प्रजाति की लकड़ी से लदा एक ट्रक पकड़ा गया। वन विभाग की टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद 10 जून 2026 को वन विभाग ने माताटीला रेंज और तालबेहट रेंज में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की लकड़ी को एक ट्रक एवं एक ट्रैक्टर पर लादकर ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को पकड़ लिया और आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध वृक्ष कटान और वन संपदा की तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। वन




क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध कटान या वन संपदा के अवैध परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## श्रीभूमि जेल के अंदर भी चल रहा था अवैध कारोबार! चार जेलकर्मी गिरफ्तार

**श्रीभूमि:** असम श्रीभूमि जेल के कारागार के भीतर कथित तौर पर अवैध गतिविधियों के संचालन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जेलकर्मियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रुद्र देउरी, विश्वजीत बरुआ, मुसाहिद अली लस्कर और शुभाशीष घोष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, जेल के अंदर नियमों का उल्लंघन कर आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और अन्य अनियमितताओं में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद जेल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे और गिरफ्तारियां या कार्रवाई भी की जा सकती है।

## दिल्ली में आवासीय क्षेत्रों में चल रहे रेस्टोरेंट्स पर हलअ सख्त, नियम ताख पर रखने वालों पर एक्शन का आदेश




**नई दिल्ली।** पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करके आवासीय क्षेत्र में संचालित रेस्टोरेंट्स के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC) को आदेश दिया है। एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने डीपीसीसी को आवेदन में लगाए गए आरोपों की जांच कर तेजी से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देश के साथ एनजीटी ने आवेदन का निपटारा कर दिया।

**ध्वनि और वायु प्रदूषण से परेशानी**

आवेदनकर्ता ऋषि जिंदल ने आरोप लगाया था कि कुछ रेस्टोरेंट्स आवासीय क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं तथा उनके द्वारा लगाई गई चिमनियां निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण से स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। इस पर एनजीटी ने डीपीसीसी को कहा कि आवासीय क्षेत्र में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन अगर किया जा रहा है तो डीपीसीसी इलाके का निरीक्षण करे और आरोपों की सत्यता का पता लगाए। एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## राघव चड्ढा ने 17 दिनों की खामोशी तोड़ी, PM मोदी को लेकर कही बड़ी बात



**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने 17 दिनों की लंबी खामोशी के बाद सोशल मीडिया पर फिर सक्रिय हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए एक लंबा ट्वीट किया है। आखिरी बार 23 मई को उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं। उसके बाद नीट पेपर लीक समेत विभिन्न परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनकी चुप्पी पर काफी चर्चा हो रही थी। राघव चड्ढा ने अपने ट्वीट में लिखा कि 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4,399 दिनों का लगातार कार्यकाल पूरा कर भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पार कर गए हैं। उन्होंने इसे भारतीय गणतंत्र के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार चुने गए प्रधानमंत्री बनने की उपलब्धि बताया।

**तीन बार निरंतर विश्वास हासिल करना सामान्य उपलब्धि नहीं: चड्ढा**


उन्होंने भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1.4 अरब लोगों वाले इस देश में 22 अनुसूचित भाषाएं, सैकड़ों बोलियां, कई धर्म, जातियां और समुदाय एक साथ रहते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी लोकतंत्र व्यवस्था में लगभग 98 करोड़ मतदाताओं के बीच तीन बार (2014, 2019 और 2024) निरंतर विश्वास हासिल करना सामान्य उपलब्धि नहीं है। राघव चड्ढा ने यह भी कहा कि नेहरू जी का कार्यकाल एक पार्टी के प्रभुत्व का दौर था, जबकि मोदी जी ने गठबंधन और क्षेत्रीय दलों के कड़े मुकाबले वाले दौर में लगातार बहुमत हासिल किया है। उन्होंने इसे बेहद कठिन उपलब्धि करार दिया और देशवासियों से इस ऐतिहासिक क्षण पर विचार करने की अपील की।

# लंबे समय से जियो सेवा बाधित, मॉडल विलेज कृष्णानगर के ग्रामीण परेशान

● 5G युग में भी वे ठीक से 2G नेटवर्क पर बातचीत नहीं कर पा रहे हैं, ऐसी स्थिति बनी।

टेलीकॉम मंत्री का ध्यान आकर्षित किया गया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि:** 5G युग में जहां तेज़ इंटरनेट आम जीवन का हिस्सा बन चुका है, वहीं श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र के दरगारबंद ग्राम पंचायत अंतर्गत मॉडल विलेज कृष्णानगर और छनटिला गांव के लोग आज भी 2G नेटवर्क पर भी सही तरीके से बात नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से नेटवर्क समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गई, जिसके बाद संबंधित जियो कंपनी ने क्षेत्र में एक मोबाइल टावर स्थापित किया। लेकिन टावर लगाए जाने के दो से तीन महीने बीत जाने के बाद भी उसे अभी तक चालू नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को अपेक्षित मोबाइल नेटवर्क सेवा नहीं मिल पा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि घर के अंदर तो दूर, कई बार पूरे इलाके में मोबाइल नेटवर्क बिल्कुल नहीं मिलता। 5G युग में भी वे ठीक से 2त्न नेटवर्क पर बातचीत नहीं कर पा रहे हैं, ऐसी स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में जियो कस्टमर केयर और स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, ऐसा पीड़ितों का कहना है।

इंटरनेट सेवा बाधित होने के साथ-साथ सामान्य फोन कॉल करने में भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आपातकालीन संपर्क व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। वहीं, सेवा न मिलने के बावजूद मोबाइल रिचार्ज की वैधता समाप्त हो रही है, जिसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। नेटवर्क समस्या का असर शिक्षा पर भी पड़ रहा है। ऑनलाइन पढ़ाई बाधित होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

साथ ही व्यापार, डिजिटल लेन-देन और विभिन्न सरकारी ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग भी मुश्किल हो गया है। वर्तमान समय में जब इंटरनेट और मोबाइल संचार जीवन की मूल आवश्यकता बन चुके हैं, ऐसे में कृष्णानगर और छनटिला क्षेत्र के लोग इस बुनियादी सुविधा से वंचित होकर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस स्थिति में ग्रामीणों ने टेलीकॉम मंत्रालय, संबंधित कंपनी और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जियो टावर चालू कर स्थायी समाधान की मांग की है।

## एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने उरई में परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद जालौन भ्रमण दौरान आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की आयोजित लिखित परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कालेज, उरई व श्री गांधी इंटर कालेज, उरई में परीक्षा संचालन, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर आकाश कुलहरि, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी, विनय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## 36 साल पुरानी फिल्म की कॉपी निकली द्दद्दद्दद्दद्द, सोशल मीडिया पर उड़ी आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर की धज्जियां?

● आलिया भट्ट की अगली फिल्म का नाम ऐल्फा

● इस पुरानी फिल्म का कॉपी होने का दावा

● चर्चा में आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर ऐल्फा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** बी टाउन की लेडी सुपरस्टार आलिया भट्ट की मोस्ट अवेटेड मूवी ऐल्फा का टीजर आज रिलीज हो गया है। निर्देशक शिव रवैल और निर्माता आदित्य चोपड़ा की ये स्पाई थ्रिलर अब अन्य वजह से चर्चा में आ गई है। ऐल्फा का टीजर देखने के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को कॉपी किए जाने का आरोप लग रहा है। तमाम यूजर्स की तरफ से ये दावा किया जा रहा है कि 36 साल पहले रिलीज होने वाली एक विदेशी फिल्म और ऐल्फा के कई सीन्स एक जैसे हैं। पूरा मामला क्या है, आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं।

**ऐल्फा को लेकर चर्चा शुरू**

बुधवार को यशराज फिल्म्स की ओर से फिल्म ऐल्फा का लेटेस्ट टीजर रिलीज किया गया है। टीजर में अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता बॉबी देओल की झलक देखने को मिली है। टीजर से ये साफ हुआ है कि आलिया फिल्म में बॉबी की बेटी का रोल प्ले कर रही हैं, जिन्हें बॉबी सीक्रेट मिशन को अंजाम देने के लिए कड़ी ट्रेनिंग देते हैं। लेकिन टीजर रिलीज होने के तुरंत बाद, सोशल मीडिया यूजर्स ने ऐल्फा और साल 1990 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फ्रेंच एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'ला फेम निकिता' के बीच समानताएं बतानी शुरू कर दीं। कई यूजर्स ने गौर किया कि इन दोनों फिल्मों की कहानियां एक ऐसी युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती हैं जिसे एक शक्तिशाली संगठन या मेंटर द्वारा भर्ती किया जाता है,

ट्रेनिंग दी जाती है और एक खतरनाक हत्यारे में रूप में बदल दिया जाता है। कई यूजर्स ने उस फ्रेंच क्लासिक फिल्म के क्लिप और तस्वीरें शेयर कीं और कहा कि ऐल्फा की शुरुआत में दिखाई गई कहानी का मूल आधार 'ला फेम निकिता' जैसे ही लग रहा है। इस तरह से फिलहाल ऐल्फा सुर्खियां बटोर रही है।

**कब रिलीज होगी ऐल्फा**

टीजर रिलीज के साथ मेकर्स की तरफ से ऐल्फा की नई रिलीज डेट का भी एलान किया गया है। 3 जुलाई 2026 को आलिया भट्ट की ये स्पाई थ्रिलर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मालूम हो कि फिल्म जिगरा के बाद आलिया ऐल्फा के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं।

## श्रीभूमि जिले के आनिपुर में 'असम माला' परियोजना का कार्य अधूरा, हजारों लोग परेशान!

● क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि:** असम के हाइलाकांदी जिले के आयनाखाल से श्रीभूमि जिले के असिमगंज तक चल रही 'असम माला' सड़क चौड़ीकरण एवं आधुनिकीकरण परियोजना का कार्य आनिपुर क्षेत्र में आकर अधूरा पड़ गया है। इसके चलते स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परियोजना के तहत कई स्थानों पर पुल एवं पुलियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा कुछ हिस्सों में डामरीकरण भी किया गया है। लेकिन आनिपुर बाजार से आनिपुर तेमाथा तक का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त सड़क खंड लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रही बिन्नी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सड़क पर केवल पत्थर बिछाकर कार्य को अधर में छोड़ दिया है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, लगातार धूप रहने पर सड़क पर धूल और रेत का गुबार छा जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। वहीं, हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है और आवागमन जोखिम भरा बन जाता है। यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा मानी जाती है।

प्रतिदिन हजारों लोग श्रीभूमि जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज और अस्पताल जाने वाले विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों के लिए भी यह मुख्य सड़क है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ऑटो, ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन अक्सर फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। निर्माण कंपनी की कथित लापरवाही को लेकर स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि 'असम माला' जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य निर्धारित समय में पूरा होना चाहिए था, लेकिन घनी आबादी वाले बाजार क्षेत्र को महीनों से बदहाल स्थिति में छोड़ दिया गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए आनिपुर बाजार से तेमाथा तक सड़क निर्माण एवं डामरीकरण का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने की अपील की है, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से शीघ्र राहत मिल सके।

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बनेंगे स्विमिंग पूल, मिनी स्टेडियम और ऑडिटोरियम

**पूर्वी दिल्ली।** सरकारी स्कूलों को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर स्कूलों का विकास किया जाएगा। इसके तहत स्कूलों में न केवल शैक्षणिक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों के लिए भी अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। झील के स्कूल में स्वीमिंग पूल और मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा जबकि अन्य स्कूलों में आडिटोरियम आदि प्रस्तावित हैं।

अधिकारियों के अनुसार इनका उद्देश्य छात्रों को बेहतर माहौल के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।योजना के अनुसार झील स्थित विद्यालय में स्विमिंग पूल और मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इन सुविधाओं के विकसित होने से विद्यार्थियों को तैराकी सहित विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी।

**आधुनिक ऑडिटोरियम के साथ नए भवन का निर्माण प्रस्तावित**

वहीं, सर्वोदय कन्या विद्यालय चंद्र नगर में आधुनिक आडिटोरियम के साथ नए भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 50 नए कमरे बनाए जाएंगे। इससे स्कूल में पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा और सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों को भी नया मंच मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है। जल्द ही इन कामों के टेंडर जार कर काम शुरू कर दिया जाएगा। अगले दो-तीन माह में छात्र इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**विधायक ने किया निरीक्षण**

कृष्णा नगर के विधायक डॉ. अनिल गोयल ने काम शुरू होने से पहले स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के जरिए सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के समान सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि छात्रों को बेहतर संसाधन मिल सकें। अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। विकास कार्यों के पूरा होने के बाद क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और खेल प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा।

## टेरर फंडिंग मामले में एक्टिविस्ट खुर्रम परवेज को बड़ी राहत, दिल्ली ॥ष्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** आतंकी फंडिंग व आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए युवकों को भर्ती कराने के आरोपित कश्मीरी मानवाधिकार कार्यकर्ता खुर्रम परवेज को बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने खुर्रम परवेज को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज UAPA मामले में सशर्त जमानत दे दी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के खुर्रम परवेज को 22 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को खुर्रम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उक्त निर्णय को खुर्रम ने 24 दिसंबर, 2024 को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'हमने कई शर्तों के साथ जमानत दे दी है।' पुलिस हिरासत में कई बार रिमांड पर रखने के बाद 25 फरवरी 2022 को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 19 दिसंबर 2024 को अपील दाखिल करते समय परवेज कुल मिलाकर करीब 3 साल 1 महीने से जेल में थे।

## कोर्ट ने सुखविंदर सिंह के पोस्टमार्टम को 72 घंटे के लिए स्थगित करने का हवाला दिया

● विधर्मियों की तलाश के भी दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लुधियाना,** न्यायालय ने करणबीर सिंह बत्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, लुधियाना, सुखविंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी गांव किला लाल सिंह, बटाला, जिला गुरदासपुर की मृत्यु के बाद उनके पोस्टमार्टम को 72 घंटे के लिए स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं। सहायक सुपरिटेंडेंट सेंट्रल जेल, लुधियाना ने सूचित किया कि निम्न संदर्भ जो मामला संख्या 127 दिनांक 01-05-2025 धारा 333/191(3)/190/351(2)/324 (4)/62 बीएनएस है।

दिनांक 03-05-2025 को थाना प्रभाग संख्या 5 लुधियाना के अंतर्गत इस जेल में भर्ती था। सूचना मिली कि सुखविंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह का पोस्टमार्टम 09-06-2026 को सुबह 06:35 बजे सेंट्रल जेल, लुधियाना में हो गया था, परन्तु इस संदर्भ का कोई उत्तराधिकारी नहीं होने के कारण माननीय न्यायालय श्री करणबीर सिंह बत्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, लुधियाना के द्वारा प्रशस्ति पत्र का पोस्टमार्टम स्थगित कर दिया गया है 72 घंटे के लिए और प्रशस्ति पत्र के उत्तराधिकारी को खोजने के आदेश भी जारी किए गए हैं। सहायक सुपरिटेंडेंट सेंट्रल जेल, लुधियाना की आम जनता से अपील है कि अगर संदर्भ में सुखविंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह के वारिसों के बारे में कोई जानकारी है, तो वे सेंट्रल जेल नियंत्रण नंबर 0161-2660106 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सिला मेचू असीमिया गांव में विद्युतपृष्ठ होकर महिला की मौत

● विद्युत विभाग की लापरवाही की आरोप।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**असम धेमाजी।** आज दोपहर सीसीबरगांव रिहायशी इलाके के मेचू असमिया गांव में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पीड़िता, महिला मेचू असमिया गांव के बिमल शैकिया की 56 वर्षीय पत्नी दीपाली शैकिया ने सुबह करीब 11.30 बजे हंस भगाने के लिए सड़क किनारे जाते है सड़क किनारे 220 वोल्ट का तार टूटा हुआ था। दुर्भाग्य से, महिला टूटे हुए बिजली के तार पर पैर रख गई और तुरंत वही मृत्यु हो गई। पीड़िता को तुरंत सिलापथार आदर्श अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिलापथार बिजली सब-डिवीजन के तहत मेचू असमिया गांव के सेक्शन की कभी मरम्मत नहीं की गई है। अगर किसी कारण से तार टूट जाता है, तो इलेक्ट्रीशियन तार का दूसरा टुकड़ा जोड़ देते हैं। इस वजह से इस सेक्शन में दो पोल के बीच 27 जोड़े से बिजली परिवहन कर रहा था। लोगों ने बिजली डिपार्टमेंट को बार-बार बताया लेकिन कोई कदम नहीं उठाया। पीड़ित के परिवार ने दिए जानकारी अनुसार बिजली डिपार्टमेंट के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करने वाले हैं। सरकार और एडमिनिस्ट्रेशन से गरीब परिवार को मुआवजा देकर मदद की मांग की है।

## दुनियाभर में पेद्दी की हुकूमत, 6 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर लहरा दिया सफलता का परचम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर लगातार गदर मचा रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर मूवी की रफ्तार भले ही धीमी पड़ रही हो, लेकिन दुनियाभर में यह मूवी बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ रही है। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के बुधवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है, जो बेहद सरप्राइजिंग है। पेद्दी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर एक और रिकॉर्ड बनाने के करीब पहुंच चुकी है।

**बुधवार को 'पेद्दी' ने दुनियाभर में किया ताबड़तोड़ कलेक्शन**

दुनियाभर में 135 करोड़ से ओपनिंग करने वाली 'पेद्दी' ने 6 दिन में ही बॉक्स ऑफिस के सिंहासन से कई बड़ी फिल्मों को खिसका दिया है। मेकर्स ने बुधवार को फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के आंकड़े शेयर कर दिए हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'पेद्दी'ने दुनियाभर में 332.1 करोड़ की कमाई महज 6 दिनों के अंदर कर ली है, जो काफी इम्प्रेसिव है। दुनियाभर में इस मूवी ने 1 दिन में लगभग 20 करोड़ के आसपास की कुल कमाई की है। सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओवरसीज मार्केट में इस मूवी ने 48 करोड़ तक का कलेक्शन किया है। यह फिल्म जल्द ही 350 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

**बजट निकालने से बस अब कुछ ही दूर है 'पेद्दी'**

बुची बाबू के निर्देशन में बनी राम चरण स्टारर फिल्म 'पेद्दी' अपने बजट निकालने के काफी करीब पहुंच चुकी है। इस मूवी का बजट तकरीबन 350 करोड़ के आसपास है। जैसे ही पेद्दी 18 करोड़ की कमाई और दुनियाभर में कर लेती है, तो वह अपना पूरा बजट रिकवर कर लेगी और प्रॉफिट की तरफ कदम बढ़ा देगी। आपको बता दें कि पेद्दी की शूटिंग कम्प्लीट करने में मेकर्स को कुल 220 दिन लगे थे। फिल्म में राम चरण के किरदार की तो तारीफ हुई, लेकिन जाह्नवी कपूर को ओवर सेक्सुअलाइज दिखाने की वजह से निर्देशक को सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी खरी खोटी सुनाई।

## राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में बच्चे सीख रहे भविष्य की तकनीकें, बन रहे वैज्ञानिक

**नई दिल्ली।** भविष्य अब केवल कल्पनाओं या साइंस फिक्शन फिल्मों तक सीमित नहीं है। अब नई पीढ़ी इन तकनीकों को अपनी उंगलियों पर नचा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) गेमिंग, रोबोटिक्स और ड्रोन मेकिंग के इस आधुनिक युग में बच्चे किताबों के रटे-रटाए ज्ञान से बाहर निकलकर खुद अपने हाथों से भविष्य की दुनिया की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। वह भी तब जब इस गर्मी की छुट्टियों में अधिकांश बच्चे अभिभावकों के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। वहीं, ये छात्र मस्ती छोड़ प्रयोग के जरिये भूगर्भ से लेकर क्षितिज तक नाप रहे हैं। राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र ऐसे किशोर वैज्ञानियों की कल्पनाओं को पंख देने वाला अहम और अत्याधुनिक ठिकाना बना हुआ है। केंद्र में विज्ञानी खिलौना निर्माण, खगोल लैब, वंडर आफ इलेक्ट्रॉनिक्स विद एआई टूल, एआइ एंड कंप्यूटेशनल थिंकिंग, गेमिंग, थ्रीडी प्रिंटिंग और बेसिक्स आफ बायोटेक्नोलाजी जैसे नौ अत्याधुनिक विषयों पर नवाचार का महाकुंभ लगा है। इसे सीखने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से बच्चे अपने माता-पिता के साथ पहुंच रहे हैं। **विदेशी तकनीक को मात, स्वदेशी किट से आत्मनिर्भरता** राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के शिक्षा अधिकारी दिनेश मलिक बताते है कि इन दिनों पूरा परिसर वैज्ञानिक चेतना के रंग में रंगा है। केंद्र ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए एक बड़ा बदलाव किया है। रोबोटिक एसोसिएट क्यूरेटर धीमान सरकार के मार्गदर्शन में बच्चे ऐसी रोबोटिक हाथ बना रहे हैं, जो इंसानी हाथों की तरह लचीली है।

## मुज़फ़्फ़राबाद के पास पाकिस्तानी सेना का Mi-17 हेलीकॉप्टर क्रैश, 21 सैनिकों की मौत

● सेना ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव और रिकवरी टीमों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों ने जब इस दुखद घटना से जुड़ी परिस्थितियों का आकलन करना शुरू किया, तो आपातकालीन कर्मियों ने इलाके में रिकवरी ऑपरेशन चलाया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मुज़फ़्फ़राबाद के पास पाकिस्तान आर्मी एविएशन का Mi-17 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के बयान के अनुसार, यह हादसा हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। सेना ने पुष्टि की कि इस हादसे में कोई भी जीवित नहीं बचा। बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ, हालांकि अधिकारियों ने हादसे के सही कारण का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है। 'डॉन' के अनुसार, ISPR ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग शहीद हो गए। कोई भी जीवित नहीं बचा। सेना ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव और रिकवरी टीमों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों ने जब इस दुखद घटना से जुड़ी परिस्थितियों का आकलन करना शुरू किया, तो आपातकालीन कर्मियों ने इलाके में रिकवरी ऑपरेशन चलाया।

**हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश**

पाकिस्तान की सेना ने यह पता लगाने के लिए एक जांच बोर्ड बनाया है कि क्रैश की वजह क्या थी। हालांकि शुरुआती जानकारी से तकनीकी खराबी का संकेत मिलता है, लेकिन जांचकर्ता किसी अंतिम नतीजे पर पहुंचने से पहले सभी संभावित कारणों की जांच करेंगे। सेना के मीडिया मामलों के विभाग ने कहा कि हादसे की सटीक तकनीकी वजह का पता लगाने के लिए एक जांच बोर्ड बनाने का आदेश दिया गया है।' उम्मीद है कि जांच के नतीजों से उन घटनाओं के बारे में और स्पष्टता मिलेगी जिनकी वजह से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**सेना प्रमुख और सैन्य नेतृत्व ने दुख जताया**

सेना प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ-साथ पाकिस्तान सेना के अधिकारियों और जवानों ने क्रैश में जान गंवाने वालों के प्रति गहरा दुख जताया। सैन्य नेतृत्व ने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी।